

हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## रेलवे पार्किंग में तीन सालों से खड़े हैं 14 दोपहिया वाहन मालिक का पता नहीं, किराया पहुंचा 30 हजार से अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के पार्किंग में दोपहिया खड़ी करने के बाद मालिक सालों से लापता है, जिसकी तलाश अब नए पार्किंग ठेकेदार को भी है। स्टेशन में पार्किंग ठेका 16 सितंबर से शुरू हो गया है। पूर्व ठेकेदार ने पुरानी गाड़ियों का लेखा-जोखा वर्तमान ठेकेदार को लिखित रूप से सौंप दिया है। इसमें 14 दोपहिया वाहन ऐसे हैं, जो तीन सालों अधिक पार्किंग में ही खड़े हैं। इसमें बाइक और स्कूटी शामिल है। इसका किराया अब वर्तमान में 30 हजार से अधिक पहुंच गया है। एक गाड़ी की कीमत लगभग 70 से 80 हजार तक बताई जा रही है। पूर्व ठेकेदार ने जीआरपी और रेलवे प्रशासन को पहले भी लिखित में वर्षों से खड़ी गाड़ियों की जानकारी दी थी। इसके बाद भी मालिक का अभी तक पता नहीं है। गाड़ी खड़ी होने के बाद अभी तक कोई संपर्क नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक रेलवे ने अभी तक ऐसी गाड़ियों की नीलामी नहीं की है। अगर गाड़ियों का किराया 50 हजार से अधिक पहुंचता है, तो फिर इसे नष्ट करने या फिर नीलामी के बारे में विचार कर सकता है, लेकिन इसके लिए दो से तीन साल का समय और लग सकता है।

- एयरपोर्ट की तरह रेलवे पार्किंग में भी पुरानी गाड़ियां हो रहीं कबाड़, वाहन के वर्तमान मूल्य से अधिक पहुंचा पार्किंग का किराया
- पूर्व पार्किंग ठेकेदार ने लिखित में जीआरपी और रेलवे प्रशासन को पार्किंग स्थल पर खड़ी पुरानी गाड़ियों की दी थी सूचना



### पार्किंग में कबाड़ हो रही गाड़ियां

तीन सालों से गाड़ियां पार्किंग में रखी हुई कबाड़ हो रही हैं। सीट पूरी तरह से खराब हो चुकी हैं, तो वहीं चक्के भी जमीन में धंस गए हैं। देखने से गाड़ी चलने लायक नहीं है। सालों से गाड़ी एक ही जगह पर खड़ी है। वर्तमान पार्किंग ठेकेदार सुभाष अग्रवाल का कहना है कि रेलवे प्रशासन की उपस्थिति में सभी गाड़ियों को लिखित रूप में ले लिया गया है। कुछ गाड़ियां काफी पुरानी हैं, जो कबाड़ हो चुकी हैं। पुरानी गाड़ियों की सूची बनाकर एक बार फिर से रेलवे प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।

### हर साल 10 हजार से अधिक पार्किंग किराया

पूर्व पार्किंग ठेकेदार के मुताबिक 14 गाड़ियां लगभग 3 सालों से अधिक से खड़ी हुई हैं। वाहन मालिक ने 15 रुपए किराए के हिसाब से पार्किंग में गाड़ी खड़ी की थी, लेकिन इसके बाद गाड़ी लेने कोई नहीं आया। हर साल गाड़ी का किराया 10 हजार से अधिक बढ़ता जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सभी गाड़ियां छत्तीसगढ़ परिवहन से जुड़ी हैं। पूर्व में ठेकेदार द्वारा भी गाड़ी मालिक से संपर्क करने का प्रयास नहीं किया गया। जीआरपी और रेलवे प्रशासन भी पता नहीं लगा पाया है कि यह गाड़ी चोरी की है या फिर कोई लेना ही भूल गया है। पूर्व पार्किंग ठेकेदार का कहना है कि सभी गाड़ियां पुरानी हैं। गाड़ी की कीमत से अधिक अब किराया हो चुका है। इसीलिए कोई लेकर जाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। कुछ वाहन मालिक ऐसे भी हो सकते हैं, जिसकी मृत्यु हो गई है।

*कलेक्टोरेट, एसएसपी, जिला पंचायत सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित अपने काम से इन कार्यालयों में पहुंचने वाले आम लोगों की गाड़ियों की पार्किंग के लिए कलेक्टोरेट के पास करोड़ों रुपए की लागत से सिक्स लेवल की सुविधाजनक मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इस पार्किंग के बनने से कलेक्टोरेट परिसर में गाड़ियों का लगने वाले रेला से राहत भी मिल रही थी, लेकिन जब से इस पार्किंग को निःशुल्क किया गया है, तब से पार्किंग की व्यवस्था ही चरमरा गई है। या यू कहें कि मल्टीलेवल को अब लावारिस छोड़ दिया गया है। इसका फायदा अब आम लोग उठाने लगे हैं।*

# मल्टीलेवल पार्किंग पर मल्टी प्रॉब्लम

## थोक में चारपहिया वाहन महीनों से डंप, धूल की परत चढ़ी, नाम, पता, एंट्री कुछ नहीं

**सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम लोगों के लिए बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था चरमराई**



### सीसीटीवी कैमरे भी बंद

पार्किंग में गाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी बंद पड़े हुए हैं, वहीं कैमरों की मॉनिटिरिंग के लिए बनाया गया सेटअप रूम भी पिछले एक साल से बंद पड़ा हुआ है, जिसकी चाबी निगम के पास है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैवल्स, निजी अस्पताल के साथ आसपास की कालोनियों के रहवासी भी अतिरिक्त गाड़ियों को यहां पार्क कर रहे हैं। इनमें कई गाड़ियां तो लावारिस की तरह पिछले कई हफ्ते-महीनों से यहां पार्क हैं। इधर मल्टीलेवल पार्किंग की देखरेख का जिसे ठेका मिला है, उसका कहना है कि हमारा काम सिर्फ गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था देखना है। इसके ▶▶|शेष पेज 11 पर

### लोकसभा चुनाव के पूर्व किया गया था निःशुल्क, तब से बिगड़ी व्यवस्था



मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण होने के बाद नगर निगम ने इसका मेंटनेंस का काम हो सके, इसके लिए इसका टेंडर निकाला था। जिस ठेकेदार को इसका टेंडर मिला था, उसने निगम की शर्त के अनुसार पार्किंग शुल्क ▶▶|शेष पेज 11 पर



**कई गाड़ियों में जम चुकी धूल की मोटी परत**

मल्टीलेवल बिल्डिंग के दूसरे, तीसरे, चौथे एवं पांचवें लेवल पर कई संदिग्ध गाड़ियां पिछले कई महीनों से खड़ी हुई हैं। इनमें कई गाड़ियों में तो धूल की मोटी परत तक बैठ गई है, जो इन गाड़ियों के महीनों से यहां खड़ा किए जाने का प्रमाण है।

### कार, ऑटो, ई-रिक्शा, निजी अस्पताल की एंबुलेंस भी महीनों से पार्क



पार्किंग में विभिन्न कंपनियों की कारों के साथ ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा तथा निजी अस्पताल की एंबुलेंस भी पिछले कई महीने से पार्क है। एंबुलेंस ग्राउंड पार्किंग में खड़ी हुई है। ठेका कर्मचारी ने बताया कि सुमि फाउंडेशन की दो एंबुलेंस यहां पार्क होती है। इनमें एक एंबुलेंस पिछले करीब 4 महीने से यहां खड़ी है। इसे एक बार भी ले नहीं गए हैं।

### ठेका अब सिर्फ पार्किंग व्यवस्था का

पार्किंग निःशुल्क है, लेकिन मल्टीलेवल की देखरेख और पार्किंग व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निगम ने इसका ठेका दिया है। यह ठेका राजू गौरे नामक व्यक्ति को दिया गया है। इसके अंडर में 6 कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनमें 4 दिन में और 2 रात में पार्किंग की व्यवस्था संभालते हैं। ठेकेदार राजू गौरे का कहना है कि ठेका सिर्फ पार्किंग व्यवस्था संभालने के लिए मिला है। गाड़ी के नंबर, आने-जाने का समय एंट्री करने की जिम्मेदारी नहीं दी गई है।

### अग्निशामक यंत्र भी एक्सपायर

मल्टीलेवल पार्किंग में आगजनी जैसी घटना से बचाव के लिए लगाए गए अग्निशामक यंत्र भी एक्सपायर हो चुके हैं। वर्ष 2021 में इन यंत्रों को लगाया गया था। नियम के अनुसार हर साल इन यंत्रों की जांच की जाती है, लेकिन दो साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी इन यंत्रों की जांच नहीं की गई है। ऐसे में अगर पार्किंग के किसी भी लेवल में आगजनी जैसी घटना घटित होती है, तो इससे बड़े नुकसान से इनकार किया नहीं जा सकता है।

**घटना वीआईपी रोड स्थित एक सितारा होटल की**

## फ्रेशर पार्टी में विवाद के बीच निकला पिस्टल, मची भगदड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल में आयोजित फ्रेशर पार्टी में प्रेम प्रसंग के विवाद पर युवक द्वारा पिस्टल निकालकर युवती को धमकाने तथा मारपीट करने की घटना हुई है। घटना शुक्रवार शाम पांच बजे के करीब की बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस द्वारा पिस्टल निकालने वाले युवक को हिरासत में लेने की बात सामने आई है।

- आपसी प्रेम प्रसंग को लेकर युवक, युवती के बीच किसी बात को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस के मुताबिक होटल में आयोजित पार्टी में विवाद होने तथा एक युवक द्वारा चाकू निकालकर धमकाने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पुलिस बल को रवाना किया गया। पुलिस ने आयोजित पार्टी में पिस्टल निकालकर धमकाने की बात की किसी तरह से पुष्टि नहीं की है। विश्वसनीय सूत्रों ने विवाद के दौरान होटल के गेट के पास युवक द्वारा युवती के साथ मारपीट तथा पिस्टल निकालकर धमकाने की जानकारी दी है।

### विधि की पढ़ाई कर रहे छात्रों की फ्रेशर पार्टी

होटल में दिशा कालेज में पढ़ाई कर रहे विधि के छात्रों ने फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया था। इसी दौरान फोर्थ इयर के छात्र ने छात्रा के साथ मारपीट कर पिस्टल निकालकर धमकाया। विवाद की वजह आपसी प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। घटना के बाद पार्टी में भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई।

### सहमी छात्राओं ने होटल में ली शरण

जानकारी के मुताबिक फ्रेशर पार्टी में विधि के छात्रों के साथ कालेज प्रबंधन से जुड़े लोग भी शामिल थे। मारपीट की जानकारी मिलने पर फ्रेशर पार्टी में शामिल छात्र-छात्राओं को आयोजन स्थल पर ही रहने की सलाह दी गई। मामला शांत होने के बाद पार्टी में शामिल छात्र-छात्राओं को जाने दिया गया

### मारपीट करने वाला छात्र बाहरी

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक छात्रा को धमकाने वाला युवक बाहरी है, वह कालेज का छात्र नहीं है। फ्रेशर पार्टी की जानकारी मिलने पर युवक अपने दो-तीन साथियों के साथ आयोजन स्थल पर पहुंच गया और पार्टी समाप्त होने का इंतजार करने लगा। पार्टी समाप्त होने पर छात्रा होटल के गेट के पास जैसे ही पहुंची, युवक ने छात्रा के साथ मारपीट की। पुलिस के अनुसार बाहरी युवक अपने साथियों के साथ चाकू, रॉड लेकर पहुंचा था।

## अहमदाबाद की नियमित फ्लाइट दिलाएगी यात्रियों को राहत, अभी छह हजार तक देना पड़ता है किराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

एक अक्टूबर से अहमदाबाद के लिए नियमित फ्लाइट का संचालन होने के बाद गुजरात जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी। इसके साथ ही उन्हें किराए में भी राहत मिलने की संभावना है। वर्तमान में सप्ताह में तीन दिन इस फ्लाइट का संचालन किए जाने की वजह से यात्रियों को सामान्य दिनों में भी छह हजार रुपए तक किराया देना पड़ता है। सातों दिन फ्लाइट का संचालन होने के बाद इसका टिकट पांच से साढ़े पांच हजार रुपए के बीच आसानी से मिल जाएगा। रायपुर के स्वामी विवेकानंद ▶▶|शेष पेज 11 पर

- अभी सप्ताह में तीन दिन चलती है, एक अक्टूबर से सातों दिन आवाजाही

### त्योहार में बढ़ेगा किराया

अक्टूबर से दुर्गा पूजा के साथ त्योहार प्रारंभ हो जाएगा और माह के अंत में दीपावली होने से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। यात्री बढ़ने से तमाम शहरों का किराया स्वतः ही बढ़ जाएगा। ट्रैवल्स कारोबारियों के अनुसार असुविधा से बचने के लिए यात्री अभी से टिकटों की बुकिंग कराने लगे हैं, जो उन्हें सामान्य किराए में मिल जा रहा है।

### पौने दो घंटे का सफर

अहमदाबाद-रायपुर के बीच फ्लाइट का सफर पौने दो घंटे में पूरा होता है। फ्लाइट के संचालन के समय में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। यह फ्लाइट अपने पूर्व निर्धारित समय में अहमदाबाद से दोपहर 2.15 बजे उड़ान भरकर 4.05 बजे रायपुर पहुंचेगी। रायपुर से 4.40 बजे यह फ्लाइट उड़ान भरकर शाम 6.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

NAVRATRI SALE 2024
Bunkar Craft
FLAT 30% OFF
Luxury Pure Kosa Silk Sarees, Suits, Dupattas and Fabrics at best price.
@BunkarCraft
@bunkarcraftraipur



Bunkar Craft - B-32/3, Pandri Cloth Market, Main Road , Raipur (CG).
Contact No. - 7999590061, 8109600869
sumit

भक्तों के विशेष आग्रह पर
मां भगवती के परम भक्त भारत के विश्वविख्यात
ज्योतिष गुरु स्वामी जी महाराज
जानिए अपने सुख-समृद्धि और शांति के उपाय एवं कठिन से कठिन समस्या के निवारण हेतु मिले
हस्तरेखा एवं चेहरा देखकर भविष्य बताते हैं।
भक्तजन पृत्तपक्ष साधना का लाभ लें
नोट : जन्म कुण्डली बनाकर मिलेगी



दिनांक : 28 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2024 तक
मिलने का समय : सुबह 09 से शाम 07 बजे तक
स्थान- होटल सिटी पल्स कमरा नं. 105, जी.ई. रोड, विवेकांनद आश्रम चौराहा, बजाज शोरूम के पास, रायपुर
मिलने हेतु संपर्क करें- 9226166831

**आमानाका थाना में अपराध दर्ज**

## शराब दुकान का सुपरवाइजर 27 लाख लेकर भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

*पांच माह पूर्व शराब दुकान में सुपरवाइजर के रूप में काम पर लगा था*

*ऑडिट होने के एक दिन पहले सुपरवाइजर मोबाइल बंद कर गायब हुआ*

आमानाका थाना क्षेत्र के सरोना स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के सुपरवाइजर द्वारा 27 लाख 17 हजार रुपए गबन करने का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट आबकारी विभाग के अफसरों ने दो दिन पूर्व 25 सितंबर को आमानाका थाने में दर्ज कराई है।

आबकारी विभाग के अफसरों के मुताबिक बीआईएस (बॉम्बे इंटीग्रेटेड सेक्योरिटी) के अंडर में काम करने वाला सोनू साहू शराब दुकान की बिक्री की रकम लेकर भागा है। अफसरों के अनुसार शराब दुकान की बिक्री की रकम को सोनू ने धीरे-धीरे कर एक महीने के भीतर गबन किया। दुकान का 25 सितंबर को ऑडिट होना था। ऑडिट में गड़बड़ी का पता चल जाता। इस बात को ध्यान में रखते हुए सोनू ने एक दिन पूर्व से काम पर आना बंद कर दिया। साथ ही अपना मोबाइल बंद कर दिया। सोनू के बारे में जानकारी जुटाई गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। अफसर सोनू के रायपुरा स्थित घर भी गए, लेकिन उसका वहां भी पता नहीं चला।

## खबर संक्षेप

### संसद की दो स्थाई समितियों में बृजमोहन सदस्य



रायपुर। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को संसद की दो स्थाई समितियां में सदस्य मनोनीत किया गया है। श्री अग्रवाल पहले ही लोकसभा की सबसे महत्वपूर्ण प्राक्कलन समिति के सदस्य बनाए जा चुके हैं। श्री अग्रवाल को कैमिकल्स एवं फर्टिलाइजर कमेटी तथा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल की स्थाई समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। यह स्थाई समितियां संसद के अंदर ही गठित की गई ऐसी समितियां होती हैं, जो किसी विशेष विषय या मंत्रालय से संबंधित मामलों पर गहराई से अध्ययन करती हैं। ये समितियां सरकार द्वारा पेश किए गए विधेयकों का विस्तृत अध्ययन करती हैं और उनमें सुधार के लिए सुझाव देती हैं। किसी मुद्दे पर या विधेयकों पर पक्ष और विपक्ष में होने वाले गतिरोध को दूर करने के लिए भी संसद की स्थाई समिति अपनी भूमिका अदा करती है।

### 26 हजार से अधिक आरटीआई द्वितीय अपील के आवेदन लंबित

रायपुर। छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति न होने व पर्याप्त संख्या में सूचना आयुक्तों के न होने कारण, द्वितीय अपील के लगभग 26 हजार आवेदन लंबित हो गए हैं।

मुख्य सूचना आयुक्त की हो नियुक्ति : श्री ठाकुर ने राज्य सरकार पर सूचना का अधिकार समाप्त करने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है, कि छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त का पद लंबे अरसे से रिक्त हैं । मात्र दो सेवानिवृत नौकरशाहो को सूचना आयुक्त बना दिया गया है जबकि सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के साथ दो और सूचना आयुक्त नियुक्त किये जा सकते है । श्री ठाकुर ने प्रदेश के राज्यपाल से इस मामले को संज्ञान में लेने की अपील करते हुए कहा है कि राज्य सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त कि नियुक्ति के लिए निर्देशित करें।

### निकाली स्वच्छता रैली दिलाई सामूहिक शपथ



रायपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के स्वच्छ भारत मिशन शाखा स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम जोन-6 के सहयोग से महाराजबंद तालाब के चारों ओर परिक्रमा पथ पर महामाया मंदिर वार्ड पार्षद सरिता वर्मा के नेतृत्व एवं जोन-6 के कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में महिलाओं, आमजनों, नवयुवकों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। पार्षद श्रीमती वर्मा ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ दिलाई।

### निधि आपके निकट कार्यक्रम में प्रदान किए पीपीओ



रायपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ द्वारा शुक्रवार को ईएसआईसी कार्यालय रायपुर में निधि आपके निकट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हितधारकों के साथ संवाद को मजबूत करना और शिकायत निवारण तंत्र को बेहतर बनाना था। नियोक्ता, कर्मचारी, पेंशनभोगी और अन्य हितधारकों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान वी. रंगनाथ अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, एडिशनल सीपीएफसी अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त आरपीएफसी, महेंद्र एच. मेश्राम क्षेत्र प्रवर्तन अधिकारी और ईएसआईसीए रायपुर कार्यालय के रीजनल डायरेक्टर महेंद्र भोई की उपस्थिति रही।

# निकायों के अफसर भूले सुबह के निरीक्षण का निर्देश, साव ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सवेरे वार्ड भ्रमण कर साफ-सफाई और निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने को कहा। उन्होंने भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कस्बों और छोटे शहरों की विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए। श्री साव ने शुक्रवार को वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य के सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

## नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक

### लापरवाही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों के विकास और वहां जन सुविधाएं विकसित करने के काम में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जवाबदेही तय कर इस तरह के कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्मान देते हुए शहर की बेहतरी के लिए उनकी बातों को गंभीरता से सुनने को कहा। क्षेत्रीय (संभागीय) कार्यालयों में पदस्थ अभियंताओं को सक्रियता और जिम्मेदारी से काम करने कहा। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यपालन अभियंताओं को सप्ताह में तीन दिन नगर पंचायतों का दौरा कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण, भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता की जांच करने को कहा।



### सचिव ने कही ये बात

*नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त सभी कार्यों को तत्काल शुरू करने के साथ ही प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूरा करने कहा। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने में नगर पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 580 करोड़ रुपए दिए गए हैं। डॉ. बसवराजु ने संपत्ति कर और अन्य करों की वसूली के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, सुडा के सीईओ शशांक पाण्डेय, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालक भी मौजूद थे।*

### उभरते शहरों की जरूरत के मुताबिक हो काम

श्री साव ने रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं को प्रदेश के नए उभरते शहरों की अपेक्षाओं और भावी जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य करने कहा। अधिकारियों को नागरिकों से अच्छा व्यवहार और लहजा रखने को कहा। उन्होंने लोगों की समस्याओं और जरूरतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस और संचालक कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा में घर-घर पानी कनेक्शन शुरू नहीं करने का मुद्दा गरमाया

# आधा काम छोड़कर भागे दर्जनों ठेकेदार, ब्लैक लिस्टेड सिर्फ एक

### विधायकों ने कहा सभी के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे समय के बाद शुक्रवार को जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक हुई। इस बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल योजना के तहत पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाए जाने के बाद भी लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा पंचायत सदस्यों ने जोरशोर से उठाया। इस मुद्दे पर सदस्यों ने कहा कि उनके क्षेत्र के कई गांवों के घरों में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर भाग गए हैं। इस बैठक में संबंधित विभाग के मौजूद अधिकारी ने बताया कि एक ठेकेदार पर कार्रवाई कर उसे ब्लैक लिस्टेड किया गया है। इस पर विधायक अनुज शर्मा एवं खुशवंत साहेब ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में ऐसे दर्जनों गांव हैं, जहां के ठेकेदारों ने अधूरा काम करने के बाद काम करना छोड़ दिया है। विधायकों ने कहा दूसरे विधानसभा क्षेत्रों के भी कई गांवों में ठेकेदारों ने अधूरा काम किया है, इसलिए कार्रवाई सिर्फ एक पर नहीं, बल्कि उन सभी ठेकेदारों पर भी होनी चाहिए।

सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न एजेंटों पर चर्चा की। इस दौरान राजू शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने हर घर नल योजना के तहत अधूरे कार्यों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उनके क्षेत्र के कई गांव के कई घरों में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है।विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अधिकारी निरीक्षण करने तक नहीं जाते हैं। सदस्यों ने बताया कि टंकी निर्माण के बाद भी कनेक्शन शुरू किए बिना ठेकेदार अपना काम छोड़कर जा चुके हैं। बैठक में मौजूद विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऐसी कुछ शिकायतें आई हैं, जिनमें एक शिकायत पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की है। इस पर विधायक अनूज शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के नाम गिनाते हुए कहा कि इन गांवों में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, जबकि ठेकेदार गायब हो चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वित्त मंत्री भी उनके साथ कुछ गांव का दौरा कर चुके हैं, जिनमें बलौद गांव के कई घरों में जाकर मंत्री ने स्वयं पानी सप्लाई बंद पाई थी। एक सदस्य ने बताया कि अभनपुर के बकतरा का पूरा मोहल्ला इस योजना से वंचित है। विधायक खुशवंत साहेब ने भी कहा कि यह स्थित उनके क्षेत्र के भी कई गांव में बनी हुई है। पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है।

### ठेकेदारों के भरोसे नहीं रहें सर्वे कर सख्ती से करें कार्रवाई

विधायकों ने विभागीय अधिकारी से कहा कि ठेकेदारों द्वारा दी गई जानकारी के भरोसे नहीं रहे। जिले के सभी गांव में इस योजना के कार्यों का सर्वे करें और जहां ठेकेदारों की लापरवाही मिल ही है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।




### गुणवत्ताहीन साइकिल वितरण का मुद्दा उठा

बैठक में सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को बांटी गई साइकिल वितरण का मुद्दा भी उठा। कुछ सदस्यों ने आरोप लगाया कि स्कूलों में जो साइकिल बांटी गई है उसकी क्वालिटी सही नहीं है। गुणवत्ताहीन होने के कारण साइकिल जल्दी खराब हो रही है। साइकिल के टायर-ट्यूब की क्वालिटी भी सही नहीं है। सदस्यों ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए।

### सांसद ने प्रभावित किसानों का 7 दिन में मुआवजा जारी करने दिए निर्देश

बैठक में कृषि विभाग से संबंधित एजेंडे पर भी चर्चा हुई। इस दौरान तिल्दा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत टंडवा में सोसायटी से खरीदा गया बीज घटिया निकलने के कारण 106 किसानों की 114.09 क्विंटल धान की फसल खराब हो गई थी। प्रभावित किसानों ने इसकी शिकायत कर मुआवजा राशि की मांग की थी, जिसकी विभागीय टीम ने जांच की थी, जिसमें शिकायत सही मिली थी। इस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यालय से 7 दिन के भीतर किसानों को मुआवजा राशि जारी कराने के निर्देश दिए।

### बैठक में नहीं पहुंचे पशुपालन अधिकारी, सांसद बिफरे नोटिस जारी करने कहा

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में पशुपालन विभाग से एक भी अधिकारी के नहीं पहुंचने पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भारी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जिस बैठक में विभाग के मंत्री, सांसद और विधायक उपस्थित हो, ऐसी बैठक में एक जिला अधिकारी का बिना पूर्व सूचना दिए शामिल नहीं होना बड़ी लापरवाही है। ऐसे अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करें और जवाब मांगें कि आखिर उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। रेडक्रास भवन में आयोजित जिला पंचायत की सामान्य की बैठक में शुक्रवार को प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अलावा विधायक अनूज शर्मा एवं खुशवंत साहेब भी शामिल होने पहुंचे थे। इस बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा के दौरान पशुपालन विभाग के एजेंडे पर चर्चा होनी थी। इस एजेंडे पर चर्चा शुरू करने से पहले पशुपालन विभाग के अधिकारी के मौजदूगी के बारे में पूछा गया, लेकिन विभाग से वहां कोई उपस्थित नहीं था। इस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जिस बैठक में मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद हैं, उस बैठक में अधिकारी ही गायब है। सांसद ने जिला पंचायत सीईओ से पूछा कि क्या अधिकारी ने उपस्थित न होने की कोई पूर्व में सूचना दी थी। इस पर बताया गया कि ऐसी कोई सूचना उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। इसके बाद सांसद ने संबंधित विभाग के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस नोटिस के जरिए अधिकारी से पूछा जाए कि आखिर उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जाए।

# तीन साल पीजी की पढ़ाई, चिकित्सा अधिकारियों को दो साल का अध्ययन अवकाश, नियम बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एमडी-एमएस की तीन साल की पढ़ाई के लिए चिकित्सा अधिकारियों को दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है। तीसरे साल उनके लिए असाधारण अवैतनिक अवकाश स्वीकृत है, इस दौरान उन्हें शिष्यवृति भी नहीं मिलती। इस अवधि को बेरोजागारी का आलम मानते हुए नियम में बदलाव करने की मांग की जा रही है।

- तीसरे साल अवैतनिक असाधारण अवकाश, स्टाइपेंड की सुविधा भी नहीं

जानकारी के अनुसार जिन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पीजी का कोर्स संचालित किया जाता है, वहां हर साल दर्जनभर से ज्यादा छात्रों के साथ ऐसी स्थिति होती है और राज्य में इनकी संख्या पचास से अधिक होती है। सूत्रों के अनुसार पूर्व मेडिकल की पढ़ाई में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जाता था। उस दौरान दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत करने नियम बनाया गया था। वर्ष 2019 में सभी डिप्लोमा कोर्स को एमडी-एमएस के रूप में मान्य कर तीन साल का कोर्स बनाया गया, मगर अध्ययन अवकाश के सिस्टम में बदलाव नहीं किया गया। उस दौरान उठने वाली मांग के बाद तीसरे साल अवैतनिक असाधारण अवकाश स्वीकृत किया जाने लगा। चिकित्सा छात्र इसी अध्ययन अवकाश की अवधि को दो से बढ़ाकर तीन साल करने की मांग कर रहे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि दो साल के अध्ययन अवकाश के बाद तीसरे साल की पढ़ाई के दौरान उन्हें चिकित्सा महाविद्यालयों में भारी ड्यूटी भी करनी पड़ती है। इसके बाद भी उन्हें वेतन अथवा स्टाइपेंड का भुगतान नहीं होता, जिसकी वजह से आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है।

### उच्च स्तर पर फाइल

पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात के दौरान यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के नेतृत्व में जूनियर डाक्टरों ने तीन साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत करने की मांग की थी। यूडीएफए के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने बताया कि पूर्व में इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया था। उस दौरान उच्च स्तर पर मामले का अध्ययन कर समस्या के समाधान के निर्देश जारी हुए थे मगर अब तक निराकरण नहीं हुआ है।

### आयुष डाक्टरों को मिलता है लाभ

यूडीएफए के अध्यक्ष के मुताबिक आयुष के चिकित्सा अधिकारियों को स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के लिए तीन साल अध्ययन अवकाश की पात्रता होती है। इस अवधि में उन्हें चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवा देने के बदले प्रदान किया जाने वाला मानदेय प्राप्त होता है। मेडिकल कालेजों के चिकित्सा अधिकारियों को अब तक यह सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है।

### शहीद भगत सिंह की जयंती पर आज पुष्पांजलि कार्यक्रम

रायपुर। नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में शंकर नगर एसआरपी चौक के किनारे स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के सामने उनकी जयंती 28 सितम्बर शनिवार को सुबह 10 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में शहीद से संबंधित प्रतिमा स्थल में नियत दिवस को प्रतिमा स्थल का संधारण व प्रतिमा सहित उसके आसपास के क्षेत्र की विशेष सफाई, प्रतिमा की पुष्प सज्जा सहित आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था नगर निगम द्वारा सम्बंधित जोन क्रमांक 3 के सहयोग से की जाएगी।

## तारीख और एजेंडा बदलने का सदन में मांगा जाएगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की तारीख बदलने और संशोधित एजेंडों की सूची जारी करने के बाद नगर निगम की राजनीति गरमाने लगी है। भाजपा के पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि निगम के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जब बिना कारण बताए सामान्य सभा की तारीख और एजेंडों की सूची में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि सामान्य सभा की बैठक में सभापति से इसका जवाब मांगा जाएगा।

भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि सात माह बाद सामान्य सभा की बैठक होने जा रही है। इसके लिए 3 अक्टूबर की तारीख तय की गई थी, वहीं 32 एजेंडों पर चर्चा होनी थी। इसकी सूचना सभी पार्षदों को दी गई थी। इसके बाद अचानक पार्षदों को एक और सूचना दी जाती है, जिसमें बैठक की तारीख एक दिन आगे बढ़ाकर 4 अक्टूबर तय किया जाता है और एजेंडों में एक एजेंडा विलोपित 31 कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि किस धारा या नियम के तहत तारीख एवं एजेंडों में बदलाव किया गया है। इसका सभापति प्रमोद दुबे से सदन में जवाब मांगा जाएगा।

### 62 मवेशी पकड़े पहुंचाया गोठान



रायपुर। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में नगर निगम के सभी जोन अमले ने सड़क पर घूम रहे मवेशियों को काऊकैचर एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से धरपकड़ करने अभियान चलाया। शुक्रवार को जोन-1 ने 7, जोन-2 टीम ने 4, जोन-3 टीम ने 2 मवेशियों को पकड़कर गोठान में छोड़ा। जोन-4 ने 3, जोन 5 ने 4, जोन 6 की टीम ने 1 मवेशी की धरपकड़ की। जोन-7 ने 7, जोन-8 ने 17, जोन-9 ने 7, जोन-10 ने 10 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। कुल 62 मवेशियों की धरपकड़ कर उन्हें गोठान पहुंचाया।

# नितिन नवीन ने जिलों का टार्गेट 20 फीसदी बढ़ाया, 29 को सभी नेता जाएंगे बूथों तक

### सांसद-विधायकों को भी लक्ष्य पूरा करने की नसीहत देकर गए हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ में सदस्यता का टार्गेट दस लाख बढ़ाकर गए हैं। इसी के साथ सांसद और विधायकों को भी अपना टार्गेट हर हाल में पूरा करने की नसीहत भी दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले नए टार्गेट को लेकर प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने शुक्रवार को सभी जिलों के सदस्यता अभियान के प्रभारियों की बैठक लेकर उनसे जहां अब तक बनाए सदस्यों की जानकारी ली है, वहीं जिलों का टार्गेट 20 फीसदी बढ़ाया है। इसी के साथ लगातार पांच दिनों तक बूथों में अभियान भी चलाया जाएगा। 29 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात बूथों में सभी बड़े नेता भी जाकर सुनेंगे और इसके बाद सदस्यता अभियान में शामिल होंगे।

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर एक दिन पहले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां पर बड़ी बैठक करके छत्तीसगढ़ को नया टार्गेट 60 लाख सदस्य बनाने का दिया है। उन्होंने प्रदेश में सदस्य बनाने की रफ्तार की सराहना भी की है और रफ्तार को और तेज भी करने के लिए कहा है। ऐसे में टार्गेट बढ़ने के बाद अब इसको कैसे पूरा किया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सदस्यता टोली के सदस्य, जिलों के सदस्यता अभियान के प्रभारियों के साथ बैठक करके रणनीति तय की है। इसमें सभी जिलों से जानकारी ली गई कि कितने सदस्य बनाए हैं। इस जानकारी में यह बात निकलकर सामने आई है कि अब तक 25 लाख सदस्य बने हैं। अब 35 लाख सदस्य और बनाने हैं।



### बड़े जिलों पर फोकस

नए टार्गेट की वजह से अब बूथों में भी ज्यादा सदस्य बनाने होंगे। प्रदेश के संयोजक अनुराग सिंहदेव के मुताबिक मुख्य रूप से बड़े जिलों पर फोकस उनका टार्गेट बढ़ाया गया है। जैसे राजधानी रायपुर बड़ा जिला है तो यहां पर पहले तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था, इसको 4.0 लाख कर दिया गया है। यानी रायपुर की लक्ष्य 33 फीसदी बढ़ गया है। इसी तरह से बड़े जिलों को ज्यादा सदय्य बनाने कहा गया है। अन्य जिलों का लक्ष्य 20 फीसदी तक बढ़ाया गया है। जिलों का लक्ष्य बढ़ने के कारण बूथों का लक्ष्य भी बढ़ गया है, लेकिन सभी बूथों के लिए पहले की तरह लक्ष्य तय नहीं किया गया है। पहले हर बूथ के लिए 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन कई बूथ छोटे हैं। ऐसे में जिन बूथों में जितना संभव होगा ज्यादा सदस्य बनाए जाएंगे।

### 60 लाख के पार जाएंगे : नितिन नवीन

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दस लाख का टार्गेट बढ़ाने के कारण यहां पर सभी जिलों के साथ बैठक करके नया टार्गेट तय किया गया है। जिस तरह से प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने अपने वादे पूरे करने का काम किया है, उससे भरोसा है कि हम 60 लाख का लक्ष्य पार करेंगे।

# हाउसिंग बोर्ड की कृषि भूमि के रूप में अंकित जमीन का फ्री होल्ड होगा डायवर्सन के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने कहा है कि मंडल की ऐसी भूमि जो आवासीय मद में दर्ज है या आबंटित शासकीय भूमि के अंतर्गत आबंटित भवनों, भूखण्डों के फ्री-होल्ड की प्रक्रिया यथावत जारी है, हितग्राही फ्री-होल्ड के लिए आवेदन मण्डल के नजदीकी संपदा कार्यालयों में कर सकते हैं। मंडल की ऐसी भूमि जो वर्तमान में कृषि प्रयोजनार्थ के रूप में अंकित है, उन्हें डायवर्सन के बाद ही फ्री-होल्ड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय मंडल को आवंटित शासकीय भूमि मंडल द्वारा अर्जित निजी भूमि में निर्मित आवासीय, व्यावसायिक, भवनों, भूखंडों को फ्री होल्ड में संपरिवर्तन करने के संबंध में आदेश जारी किया गया था।

### आयुक्त ने दिए ये निर्देश

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में कुछ प्रकरणों में राजस्व अभिलेख में धारणाधिकार आवासीय के स्थान पर कृषि प्रदर्शित हो रही है। भविष्य में हितग्राहियों को फ्री-होल्ड पश्चात भूमि के व्यपवर्तन हेतु कठिनाई का सामना न करना पड़े इस हेतु मण्डल द्वारा ऐसे प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग से समन्वयन कर भूमि के व्यपवर्तन एंव धारणाधिकार में पहले परिवर्तन किये जाने हेतु आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कुन्दन कुमार द्वारा निर्देश दिये गये हैं एवं निर्णय लिया गया है कि, कृषि प्रयोजन अंकित भूमि का डायवर्सन पश्चात ही फ्री-होल्ड किया जावें।

### ताकि हितग्राहियों को असुविधा न हो

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि, ऐसी भूमि जो आवासीय मद में दर्ज है, वहाँ फ्री-होल्ड की प्रक्रिया यथावत जारी रहेगी। जो भूमि कृषि प्रयोजनार्थ अंकित है, उन भूमियों की फ्री-होल्ड प्रक्रिया डायवर्सन पश्चात ही की जावेगी, ताकि हितग्राहियों को असुविधा ना हो। डायवर्सन की कार्यवाही त्वरित करने हेतु भी हाऊसिंग बोर्ड द्वारा प्रयास किया जा रहा है। मण्डल को आबंटित शासकीय भूमि के अंतर्गत आबंटित भवनों, भूखण्डों के फ्री-होल्ड में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आ रही है। हितग्राही बिना किसी हिचक के फ्री-होल्ड के लिए आवेदन मण्डल के नजदीकी संपदा कार्यालयों में कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रायवेट प्रेक्टिस संविदा डाक्टरों को मिलेगा 80 प्रतिशत वेतन

**रायपुर।** नॉन प्रेक्टिस एलाउंस लेने के बाद भी प्रायवेट क्लीनिक अथवा अस्पताल में इलाज करने वाले डाक्टरों के खिलाफ चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। इस बीच डीके अस्पताल प्रबंधन ने प्रायवेट प्रेक्टिस करने वाले संविदा डाक्टरों को 80 प्रतिशत वेतन की पात्रता होने का हवाला देकर एनपीए लेने अथवा नहीं लेने के इच्छुक चिकित्सकों से जानकारी मांगी है। डीके अस्पताल में काम करने वाले 90 फीसदी चिकित्सक संविदा आधार पर कार्यरत हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त किरण कौशल ने सभी मेडिकल कालेज के डीन को पत्र लिखकर एनपीए लेने और नहीं लेने वाले डाक्टरों की जानकारी मांगी है।

### बच्ची से रेप, आरोपी को आजीवन कारावास

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मोहन कहार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विमल तांडी के मुताबिक, वर्ष 2019 में 25-26 अगस्त की दरमियानी रात बच्ची अपने पड़ोसी के यहां सोने के लिए गई थी। इस दौरान मोहन ने बच्ची के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया, साथ ही घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

## निधन

### सुंदर दास डावरा



**रायपुर।** संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब गली नंबर-3 निवासी सुंदर दास डावरा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 सितंबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे उधमदास, सुरेश कुमार, बलराम, हरीश डावरा के भाई एवं नरेश व इंदर डावरा के पिता थे।

# शराब के नकली होलोग्राम मामले में दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नकली होलोग्राम मामले में ईओडब्लू ने शुक्रवार को निधी शर्मा, तिवारी की स्पेशल कोर्ट में दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया है। चालान पेश करने के दौरान आरोपी बनाए गए दीपक दुआरी, अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह और दिलीप पांण्डेय को कोर्ट में पेश किया। ईओडब्लू ने मामले से जुड़ी 55 पन्नों का कोर्ट में समरी पेश की। ईओडब्ल्यू द्वारा पेश किए गए चालान में सभी की भूमिका का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि इस घोटाले में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, सिंडिकेट के इशारे पर यह सभी काम करते थे। मामले की अगली सुनवाई चार नवंबर को होगी। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू पहले ही अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद सिंह तथा त्रिलोक सिंह ढिल्लन के खिलाफ पहले ही चालान पेश कर चुकी है। कोर्ट में पेश किए गए चालान में बताया गया है कि टीम ने शराब घोटाले के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर के धनेली स्थित फार्म हाउस में डुप्लिकेट होलोग्राम के कई रोल अधजले हालत में जब्त किए थे। कोर्ट में पेश किए गए चालान में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2019 से 2022 तक नकली होलोग्राम लगाकर शराब की बिक्री की गई। इससे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

## ईओडब्लू ने चारों आरोपियों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया

### धनेली स्थित खेत में मिला था नकली होलोग्राम

कोर्ट में पेश किए गए चालान में बताया गया है कि ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धनेली स्थित खेत से नकली होलोग्राम अधजली हालत में बरामद किया है। ईओडब्लू ने जेसीबी की मदद से जमीन में पांच फीट गड्ढा कर होलोग्राम जब्त किया था।


नकली होलोग्रॉम मामले में अनवर, एपी के बाद अब यूपी पुलिस की गिरफ्त में टुटेजा

### इनके इशारे पर होलोग्राम नष्ट


जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में पेश किए गए चालान के मुताबिक वर्ष 2022 में ईडी ने शराब घोटाले को लेकर जो छापे की कार्रवाई की थी, इस डर से अनवर ढेबर, अरविन्द सिंह के कहने पर नकली होलोग्राम को नष्ट किया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर जेसीबी से 5 फीट जमीन खुदवाकर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने नकली होलोग्राम जब्त किया।

### रेलवे की लचर व्यवस्था से यात्री परेशान, कैंसिल-बहाली के चक्कर में उलझे

# ट्रेन रद्द समझकर हजारों यात्रियों ने कैंसिल कराए टिकट

# रेलवे ने 12 घंटे बाद फिर 16 ट्रेनों को कर दिया बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रेलवे की लचर व्यवस्था से एक बार फिर यात्री बेहद परेशान हो रहे हैं। गुरुवार शाम रेलवे ने आदेश जारी किया कि बीरसिंहपुर स्टेशन को तीसरी रेल लाइन से जोड़ने के लिए 26 ट्रेन रद्द रहेंगी। यह संदेश देखने के बाद यात्री भी घबरा गए। कई यात्रियों ने दूसरी ट्रेन में बुकिंग करावा ली है, लेकिन कन्फर्म सीट नहीं मिल पाई। इसी बीच शुक्रवार को रेलवे ने एक बार फिर 26 में 16 ट्रेनों को बहाल करने का आदेश जारी कर दिया है। अब जिन यात्रियों का कन्फर्म टिकट था, उनका टिकट ही अब वेटिंग है। 12 घंटों के भीतर कई यात्रियों ने अपना टिकट कैंसिल करा दिया था। जब फिर से टिकट खरीदने का प्रयास किया, तो कन्फर्म टिकट नहीं मिला। बहाल ट्रेनों में भोपाल, रीवा, इंदौर व दिल्ली व चिरमिरी जाने वाली प्रमुख ट्रेन है, जिसमें दशहरा को लेकर पहले से लंबी वेटिंग चल रही है। कन्फर्म टिकट के लिए यात्रियों ने महीनेभर पहले से बुकिंग कराई थी, लेकिन रेलवे की लचर व्यवस्था के कारण अब उन्हीं यात्रियों को भीड़ में धक्के खाते हुए सफर करना होगा।

### आरक्षण केंद्र में यात्रियों ने सुनाई समस्या

शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग कन्फर्म टिकट को रद्द करने के बाद फिर से टिकट खरीदने पहुंचे। इस दौरान यात्रियों ने रेलवे के अधिकारियों से ट्रेन रद्द करने और फिर बहाल कराने का कारण पूछा, लेकिन अधिकारी अपने जवाब से यात्रियों को संतुष्ट नहीं कर पाए। अव्यवस्था का कारण रेलवे बोर्ड को बता दिया। सफर करने यात्रियों को मजबूरन काउंटर से वेटिंग टिकट खरीदना पड़ा। रायपुर मंडल की दुर्ग-निज़ामुद्दीन, दुर्ग-नौतनवा, नर्मदा व भोपाल एक्सप्रेस समेत दर्जन से अधिक प्रमुख ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया है, जिसमें अब वेटिंग 50 से 60 तक पहुंच गई है। टिकट कन्फर्म होने की संभावना 80 फीसदी नहीं है।

### जल्द रिफंड पाने कैंसिल करा दिया टिकट

ट्रेन रद्द होने की खबर के बाद ज्यादातर यात्री ने दूसरी ट्रेन में यात्रा की जुगत लगाने और जल्द रिफंड लेने तत्काल टिकट कैंसिल करा दिए। अब यात्रियों को तीन से चार दिन के भीतर रिफंड तो मिल जाएगा, वहीं दूसरी तरफ वेटिंग में 24 घंटे का सफर करना है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में यात्री पूछताछ केंद्र में ट्रेन रद्द होने की जानकारी लेने पहुंचे। नवरात्रि व दशहरा को लेकर इन दिनों सभी ट्रेनों में भारी भीड़ है।

### यह रद्द ट्रेन हुई बहाल

- पूर्व में रद्द 18234 बिलासपुर–इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 11 अक्टूबर' को चलेगी ।
- पूर्व में रद्द 18233 इंदौर–बिलासपुर 12 अक्टूबर' को निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 18236 बिलासपुर –भोपाल एक्सप्रेस 10 अक्टूबर' अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर'को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 11265 जबलपुर–अंबिकापुर 11 अक्टूबर को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 11266 अंबिकापुर–जबलपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर'को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 11751 रीवा–चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल 11 अक्टूबर को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 11752 चिरमिरी–रीवा पैसेंजर स्पेशल 12 अक्टूबर' को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 22867 दुर्ग–निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस दिनांक 11 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 22868 निज़ामुद्दीन–दुर्ग एक्सप्रेस दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस दिनांक 10 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 18206 नौतनवा–दुर्ग एक्सप्रेस दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समयानूसार चलेगी ।
- 05755 चिरमिरी–अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 05756 अनूपपुर– चिरमिरी पैसेंजर दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 06617 कटनी–चिरमिरी मेमू स्पेशल दिनांक 11 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी ।
- 06618 चिरमिरी–कटनी मेमू स्पेशल दिनांक 12 अक्टूबर' 2024 को अपने निर्धारित समय अनुसार चलेगी।

## कर्मचारियों की हड़ताल से प्रभावित हुआ टीकाकरण आज सत्र लगाने का आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चार सूत्रीय मांग के लिए शुक्रवार को की गई हड़ताल का असर नियमित स्वास्थ्य सेवाओं पर भी हुआ। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों का टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड बनाने का काम प्रभावित हुआ। टीकाकरण के अभियान की गंभीरता की वजह से स्थगित सत्र को शनिवार को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल में स्वास्थ्य संयोजक सहित अन्य कर्मचारी शामिल हुए। इसकी वजह से अनेक जिलों में नियमित टीकाकरण सहित अन्य कार्य पर असर हुआ। छोटे बच्चों के साथ माता-पिता और महिलाएं स्वास्थ्य केंद्रों से निराश होकर लौटीं। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने चलाए जा रहे अभियान पर भी इसका असर होता नजर आया। विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य कर्मचारियों को घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की हिदायत दी गई है, जो शुक्रवार को पूरा नहीं हो पाया। रायपुर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हड़ताल की वजह से प्रभावित टीकाकरण सत्र को शनिवार को आयोजित करने का आदेश जारी किया है। रायपुर जिले के स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगों के लिए इंडोर स्टेडियम में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, सचिव प्रवीण डिडवंशी, आईटी सेल प्रभारी संतलाल साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

### महिला को जबरन नारी निकेतन भेजा, थाने में शिकायत



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन के विवाद में एक महिला को जबरन नारी निकेतन में दाखिल कराने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा के नेता सावित्री जगत सहित अन्य भाजपा नेता महिला को नारी निकेतन से निकाले जाने की मांग करने वहां पहुंच गए। भाजपा महिला मोर्चा की नेता सावित्री जगत के मुताबिक, लेन-देन के विवाद में महिला को जबरन नारी निकेतन में लाकर बंद कर दिया गया है। महिला का एक छोटा बच्चा भी है, जिसे मां से अलग कर दिया गया है। महिला को जबरन नारी निकेतन में लाए जाने का सावित्री जगत तथा भाजपा नेताओं ने विरोध किया है। महिला को नारी निकेतन से बाहर निकालवाने थाने भी गए और लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।

### मोमबत्ती जलाकर दिवंगत युवाओं को दी श्रद्धांजलि




**रायपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत आरएएम, न्यू राजेंद्र नगर, अमलीडीह, महावीर नगर द्वारा गत 25 सितंबर को अहमदाबाद के हिम्मतनगर में वाहन दुर्घटना में सिंधी समाज के दिवंगत 7 युवाओं के निधन पर शोक जताया और मोमबत्ती जलाकर 56 फीट झूलेलाल मूर्ति न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ के सामने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूज्य सिंधी पंचायत आरएएम के मुखी गिरीश लहेजा, पार्षद अजीत कुकरेजा, वरिष्ठ समाजसेवक राजू तारवानी, प्रकाश बजाज, अनिल रूपचंदानी, जगदीश खुराना, मनोहर जेठानी, मुकेश बजाज, राजकुमार पंजवानी, अशोक दुलानी, विक्की वाधवानी, दुलीचंद कोटवानी, अनिल लालवानी समेत सिंधी पंचायत आरएएम के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, युवा विंग, महिला विंग, समाजजनों, छोटे बच्चों एवं अनेक नागरिकों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कमल विहार में आईसीएआई की भव्य इमारत बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रायपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष रवि ग्वालानी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान श्री ग्वालानी ने सेंट्रल काउंसिल सदस्य अभय छाजेड़ के साथ मिलकर उनसे रायपुर स्थित कमल विहार में बनने वाली नई इमारत को लेकर चर्चा की। ज्ञात हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने रायपुर में कमल विहार में लगभग 76000 वर्गफीट जमीन ली है, जिसमें आने वाले समय में एक भव्य इमारत बनाई जाएगी। इस जमीन का भूमिपूजन पहले ही हो चुका है, अब नक्शा और बाकी कागजी कार्यवाही का काम जारी है। श्री ग्वालानी ने बताया कि जल्द ही नई इमारत के लिए शिलान्यास किया जाएगा और आने वाले 1-2 वर्ष में भव्य इमारत बनकर तैयार हो जाएगी। वर्तमान में इंस्टीट्यूट की रायपुर शाखा के 1800 से ज्यादा सदस्य रायपुर में हैं और 3000 से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं। अभी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में पूरे देशभर में सबसे ज्यादा सेमिनार और कार्यशाला इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा कराए जा रहे हैं। रायपुर शाखा का प्रयास है कि आने वाले समय में फोरेंसिक लैब और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डाटा एनॉलिटिक्स के लिए रायपुर में एक बड़ा सेंटर बनाया जाए।

# कहीं पूरे परिसर में ही ताला तो कहीं खाना खाकर लौटे छात्र, शाला प्रांगण में खेलते रहे बांटी-भौंरा








हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि लाइव

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के हड़ताल का छग के स्कूलों में भले ही मिला-जुला असर नजर आया हो, लेकिन रायपुर के अधिकतर प्राथमिक विद्यालय इससे प्रभावित नजर आए। कुछ स्कूलों में ताले ही नहीं खुले तो कुछ विद्यालयों में बच्चे मध्यान्ह भोजन खाकर लौट गए। कई स्कूल तो ऐसे भी रहे, जहां शिक्षकों ने छात्रों को एक दिन पूर्व ही हड़ताल की सूचना देते हुए विद्यालय ना आने की बात कह दी थी। इसके कारण राजधानी में दर्जन भर से अधिक संख्या में स्कूलों के ताले ही नहीं खुले और ना ही मध्यान्ह भोजन ही पहुंचा।

### सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं

चूंकि अधिकतर शिक्षक हड़ताल पर थे, इसलिए छात्रों की सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था देखने को नहीं मिली। कुछ स्थानों में बच्चे कैंपस के बाहर भी घूमते नजर आए। गौरतलब है कि विद्यालयों में तिमाही परीक्षाएं चल रही हैं। कुछ स्कूलों में ये परीक्षाएं हो चुकी हैं, तो कुछ में जारी है। मूल्यांकन सहित अन्य कार्य भी हड़ताल के चलते प्रभावित रहा।

**केस 1**

लालपुर स्थित शासकीय विद्यालय में एक ही कैंपस में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं का संचालन होता है। यहां बड़ी कक्षाओं के शिक्षक तो पहुंचे, लेकिन छोटी कक्षाओं के शिक्षकों ने हड़ताल को समर्थन दिया। शोर होता देखकर बड़ी कक्षा के छात्रों को छोटी कक्षाओं को संभालने के लिए शिक्षकों द्वारा भेजा गया। छात्र अपने अनुसार छोटी कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ाते नजर आए। छात्रों की उपस्थिति अन्य दिनों की ही तरह रही, लेकिन शिक्षकों के नहीं होने के कारण अव्यवस्था का आलम रहा।

**केस 2**

शासकीय प्राथमिक शाला बस्तीपारा, भाठागांव के विद्यालय में ताला लटका रहा। यहां सभी शिक्षक हड़ताल पर रहे, इसलिए कोई छात्र भी नहीं पहुंचा। जो एक-दो विद्यार्थी पहुंचे रहे, वे भी ताला लटका देखकर वापस घर चले गए।



**केस 3**

आउटर के स्कूलों सहित भनपुरी, गुढ़ियारी के स्कूलों में पूरी तरह से ताला लटका रहा। यहां मध्यान्ह भोजन के लिए भी कक्ष नहीं खुले।

**केस 4**

खुड़मुड़ा स्थित शासकीय विद्यालय के गेट तो खुले, लेकन यहां कोई शिक्षक नहीं पहुंचा। हरिभूमि की टीम जब यहां पहुंची तो बच्चे सिविल ड्रेस में यहां-वहां घूमते मिले। बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें मध्यान्ह भोजन भी शुक्रवार को नहीं मिला। वे स्कूल गए और कुछ समय बाद लौट गए।

**केस 5**

खुड़मुड़ा में ही स्थित एक अन्य शासकीय प्राथमिक विद्यालय में कुछ शिक्षक नजर आए। वे बच्चों को पढ़ा रहे थे। मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने के अलावा छात्र बांटी-भौरा खेलते नजर आए।

**केस 6**

शहर के भीतर स्थित विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या अधिक है। इसके कारण कुछ शिक्षकों के हड़ताल में जाने के कारण स्थिति विशेष प्रभावित नहीं हुई।

## बिजनेस साइट

### एमोजॉन और फ्लीपकार्ट से खरीदी पर बजाज चेतक पर भारी छूट



**रायपुर।** एमोजॉन और फ्लीपकार्ट से खरीदी पर बजाज चेतक पर 17,000 रूपये तक की भारी छूट, जिसकी शुरूवाती कीमत 95,998 रूपये हैं और फुल चार्ज पे 137 किमी के रेंज एंवम अपनी श्रेणी में बेहतरीन और फुल फीचर से लेस हैं हमारा आज तक के सफर को दर्शाते हुए वंदना ऑटो, आश्रम चौक रामकुण्ड, रायपुर विगत 35 वर्षो से ग्राहकों की सेवा में तत्पर हैं । श्रृंखला में बजाज चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर का एक्सक्लूसिव शोरूम रायपुर स्थित शोरूम मैनेजर भुनेश्वर सिंह ने बताया कि भारी छूट के वजह से 109 गाड़ीयों की बुकिंग की जा चूकी हैं एंवम 2 दिवस के लिए बुकिंग ओपन है एमोजॉन और फ्लीपकार्ट से खरीदी पर 17,000 रूपये तक की भारी छूट। वंदना ऑटो के मैनेजर भुनेश्वर सिंह द्वारा बताया गया अभी तक 2000 गाड़ियों की बिक्री हो चुकी हैं। इसमें बैटरी की 3 साल या 50000 हजार किलोमीटर कंपनी वारंटी एंवम 2 साल या 20000 हजार किलोमीटर एक्सटेंडेड वारंटी दी जा रही हैं। एक्सचेंज ऑफर उपलब्ध है - एक्सचेंज के फायदेः आप के पुरानी टू-व्हीलर पे उपलब्ध है!

## पेज 9 के शेष

### मल्टीलेवल पार्किंग पर...

अलावा हमें और कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। ऐसी गाड़ियों की यहां एंट्री भी नहीं है।
पहले 12 घंटे, बाद में 24 घंटे कर दिया निःशुल्क_ शुरुआत में मल्टीलेवल में 12 घंटे निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। इसके कारण लोग भी तय समय के अनुसार 12 घंटे से ज्यादा गाड़ी पार्क नहीं करते थे, लेकिन कुछ महीनों बाद निगम ने 24 घंटे निःशुल्क पार्किंग कर दिया। इसके बाद से मल्टीलेवल पार्किंग में अब हफ्ते-महीनों तक लोग गाड़ियां पार्क करने लगे हैं।

### लोकसभा चुनाव के...

रखा था। यह शुल्क सरकारी कर्मचारियों के लिए नहीं था। उनके लिए यहां पार्किंग निःशुल्क थी, लेकिन ठेका पर देने के बाद पार्किंग के कर्मचारी मनमानी पर उतर आए थे और आम लोगों से अनाप-शनाप किराया लेने लगे थे। कई बार आम लोगों ने इसकी शिकायत भी की थी। इन शिकायतों के बाद निगम प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के पूर्व मल्टीलेवल पार्किंग का ठेका निरस्त कर पार्किंग को निःशुल्क कर दिया। इससे आम लोगों को तो राहत मिली, लेकिन पार्किंग निःशुल्क होने से पार्किंग की व्यवस्था जहां बिगड़ी हुई है, वहीं लोग भी मल्टीलेवल का लावारिस पार्किंग की तरह उपयोग करने लगे हैं।

### अहमदाबाद की...

एयरपोर्ट से अधिक यात्रियों के साथ उड़ान भरने वालों में अहमदाबाद की फ्लाइट भी शामिल है। कोरोनाकाल के दौरान जब इस उड़ान को बंद किया गया था, तो एयरलाइंस कंपनी पर इसे पुनः शुरू करने के लिए काफी दबाव बनाया गया था। इसके बाद करीब दो साल पहले रायपुर-अहमदाबाद सेक्टर की उड़ान को प्रारंभ किया गया था। फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन सोम, बुध और शुक्रवार को संचालित की जाने लगी, जिसे नियमित करने की मांग तभी से उठ रही थी। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि व्यापारिक और सामाजिक संबंधों की वजह से बड़ी संख्या में यात्रियों की वहां आवाजाही होने की वजह से सामान्य दिनों में भी इसका किराया छह हजार से अधिक रहता है। नवरात्रि के दौरान वहां आवाजाही बढ़ने की संभावना है। अच्छे ट्रैफिक को ध्यान में रखकर इंडिगो ने अपनी तीन दिन की उड़ान को एक अक्टूबर से सातों दिन करने की घोषणा पिछले दिनों की थी और इस हिसाब से टिकटों की बुकिंग भी शुरू की जा चुकी है। सूत्रों का कहना है कि नियमित उड़ान के बाद यात्रियों को दोनों शहरों के बीच टिकट सामान्य दिनों में आसानी से साढ़े पांच हजार से कम में उपलब्ध होगा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मनोकामना ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू

**रायपुर।** गोलबाजार स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर नवरात्रि पर्व पर नवग्रह मनोकामना ज्योत का पंजीयन शुरू किया गया है। शनि पुजारी रोहित शर्मा ने यह जानकारी दी। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जा रही है, जिसका पंजीयन भक्त मंदिर परिसर में करा सकते हैं।

### सहकारी बैंक की आमसभा में पेश किया लेखा-जोखा



**रायपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की 108वीं वार्षिक आमसभा शुक्रवार को आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक संस्थाएं व प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में हुई। आमसभा में उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं एनके चंद्रवंशी, बैंक की सीईओ अपेक्षा व्यास समेत अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। शुरुआत में सहकारी बैंक के संस्थापक स्व. पं. वामन बलीराम लाखे की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके बाद प्राधिकृत अधिकारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि बैंक द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में अगस्त माह तक 384049 किसानों को 1657.97 करोड़ रुपए अल्पकालीन ऋण दिया जा चुका है। मध्यकालीन कृषि ऋण के तहत समितियों के माध्यम से नलकूप खनन, सबमर्सिबल पंप, स्प्रिंकलर, ड्रिप एरिगेशन, तार फेंसिंग, भूमि सुधार तथा कृषि उपकरणों के लिए, दीर्घकालीन ऋण के तहत ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एवं जेसीबी खरीदने के लिए ऋझा उपलब्ध कराया गया है। आमसभा के दौरान बैंक की सीईओ ने वित्तीय स्थिति, लाभ-हानि के विवरण के साथ वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

### स्कूल को दिए दो वाटर कूलर, रोपे पौधे



**रायपुर।** सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसकेए स्टील एवं पॉवर प्रायवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने उरला क्षेत्र के गोगांव स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पौधारोपण किया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए वाटर हेड टैंक एवं दो वाटर कूलर भी प्रदान किए। एसकेए के जीएम रोहित अग्रवाल, प्रवेश, रोहित, रंजन इस मौके पर मौजूद थे। इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. पूरनलाल साहू ने एसकेए स्टील एंड पॉवर द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से जयलाल गेण्डारे ने कंपनी प्रबंधन का आभार जताया। शाला की प्राचार्य उत्तरा ध्रुव एवं तिरीथ रानी वर्मा ने शाला विकास समिति एवं कंपनी के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक संपत सिंह राजपूत ने यह जानकारी दी।

# एमबीबीएस-बीडीएस के दूसरे दौर में प्रवेश आज से, छोड़ी सीट तो पंजीयन राशि राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

मेडिकल और डेंटल कालेजों की रिक्त बची यूजी सीटों पर एडमिशन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दूसरी आवंट्न सूची जारी कर दी है। विद्यार्थियों को आवंटन आधार पर एडमिशन लेना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने अथवा सीट का त्याग करने वालों का पंजीयन राजसात कर लिया जाएगा।

शनिवार के दस्तावेजों की स्क्रूटनी और एडमिशन का दौर शुरू होगा जो पांच अक्टूबर को दोपहर दो बजे तक पूरा किया जाएगा। पहले राउंड में दोनों पाठ्यक्रमों में 1602 विद्यार्थियों के प्रवेश लेने के बाद खाली बची स्टेट और निजी कालेजों के मैनजेमेंट कोटे में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार को सीटों का आवंटन किया गया। दूसरी सूची में 1389 विद्यार्थियों को सीटें अलॉट की गई हैं। इनमें 291 विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्हें अपग्रेडेशन यानी मनपसंद संस्था अथवा पाठ्यक्रम चुनने का लाभ मिला है। राजधानी में स्थित तीन निजी मेडिकल कालेज के लिए स्क्रूटनी और प्रवेश की प्रक्रिया जीएमसी रायपुर में पूरी की जाएगी।

वहीं भिलाई, दुर्ग के दो कालेजों के लिए दस्तावेजों की जांच और एडमिशन के लिए व्यवस्था सीएमसी दुर्ग में की जाएगी। तमाम निजी डेंटल कालेजों में प्रवेश के लिए प्रक्रिया पूरी करने शासकीय डेंटल कालेज कैंपस को तय किया गया है। अंतिम तिथि तक एडमिशन पूरा नहीं होने पर मॉपअप राउंड की प्रक्रिया पूरी होगी।

### पीजी प्रवेश की तारीख का इंतजार

यूजी की दूसरे राउंड की काउंसिलिंग शुरू हो गई है, मगर मेडिकल कालेज के पीजी एडमिशन के लिए तारीख तय करने का इंतजार किया जा रहा है। पिछले दिनों प्रवेश के सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने के निर्देश विद्यार्थियों को दिए गए थे। राज्य में सबसे एमडी-एमएस की 460 सीटों पर एडमिशन होना है। इसके लिए पंजीयन की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं की गई है।



- 1389 की दूसरी आवंटन सूची जारी, 291 विद्यार्थियों की सीटें अपग्रेड
- आज से दस्तावेजों की स्क्रूटनी और एडमिशन, अंतिम प्रवेश 5 अक्टूबर तक

### सात सौ से ज्यादा सीटें खाली

इस बार राज्य में दो नए निजी मेडिकल कालेज को अनुमति दी गई है। इन्हें मिलाकर राज्य में 15 मेडिकल कालेज हैं जबकि डेंटल कालेजों की संख्या में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। पहले राउंड के प्रवेश के बाद दोनों विषयों में सात सौ से ज्यादा सीटें खाली है। मेडिकल कालेजों में सत्तर प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर एडमिशन हो चुका है। डेंटल की पचास प्रतिशत से ज्यादा सीटें खाली हैं।

## बिरगांव निगम के 36 में 10 तालाब अवैध कब्जे से घिरे, कार्रवाई अटकी

# सर्वे में 10 तालाबों के पास कब्जा, निगम एक ही करवा पाया खाली, विस्थापन का भी फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में 36 तालाब हैं। इनके सर्वे में पाया गया कि 10 तालाब ऐसे हैं, जो अवैध कब्जे की वजह से उपेक्षित हैं। इनकी सुध इसलिए भी नहीं ली जा रही, क्योंकि विस्थापन का पेंच फंसा है। इसे देखते हुए निगम के जिम्मेदार अवैध कब्जा हटाने के बजाय अभी उन्हीं तालाबों की सुध ले रहे हैं, जिनका सौंदर्यीकरण करवाने के लिए शासन से बजट मिला है। यही कारण है कि चिन्हांकित 10 में से एक तालाब को ही कब्जा मुक्त करवा पाए हैं।

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम के तालाबों को बुरा हाल है। कई तालाब ऐसे हैं, जिनके अंदर भी लोगों ने मकान बना लिया है। इसे देखते हुए शासन ने सर्वे करवाने के बाद प्रदेश के ऐसे सभी तालाबों को एक-एक करके कब्जा मुक्त कराने के लिए संबंधित निगमों को दिशा-निर्देश दिया है। इसमें बिरगांव निगम के 10 तालाब भी शामिल हैं। तालाबों का जायजा लेने पर पाया गया कि अभी निगम के जिम्मेदार सिर्फ एक तालाब को ही कब्जा मुक्त करवा पाए हैं। ऐसा इसलिए हो रहा, क्योंकि निगम के पास विस्थापन देने के लिए पर्याप्त बीएसयूपी मकान भी नहीं हैं। इसके कारण अभी कार्रवाई भी अटकी हुई है।

**विस्थापन के लिए निगम के पास आवास भी नहीं, इसलिए दिक्कत**






फाइल फोटो

### जिन तालाबों में काम होगा..

निगम सूत्रों ने बताया कि अभी पहली प्राथमिकता में उन्हीं तालाबों को शामिल किया गया है, जिनका कायाकल्प करने के लिए शासन ने फंड मिला है। इसके अलावा बचे हुए तालाबों को कब्जा मुक्त कराने के लिए सबसे पहले बीएसयूपी मकानों का निर्माण कराना पहली प्राथमिकता है। इसके चलते बचे हुए तालाबों की सुध निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। अभी तक सिर्फ मोती सागर तालाब को ही कब्जा मुक्त किया गया है। बुधवारी बाजार के पास स्थित इस तालाब में सौंदर्यीकरण होगा।

- शासन ने सर्वे करवाने के बाद प्रदेश के ऐसे सभी तालाबों को एक-एक करके कब्जा मुक्त कराने के लिए संबंधित निगमों को दिया है दिशा-निर्देश

### प्लानिंग के बाद कार्रवाई

अभी उन्हीं तालाबों को कब्जा मुक्त किया गया है, जहां पर काम करवाने के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। बचे हुए तालाबों को कब्जा मुक्त करवाने के लिए कार्रवाई से पहले प्लानिंग की जा रही है।

**- बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### इन तालाबों के पास कब्जा

शासन द्वारा जारी की गई सूची में धाप तालाब, डोंगिया तालाब, ब्यास तालाब, मटखनदा तालाब, दर्री तालाब, दंतेश्वरी खदान तालाब, मोती सागर तालाब, बंधवा तालाब, बिरइन तालाब और लटर्रा तालाब प्रमुख है। इनमें एक से ही कब्जा हटाया गया है। जिम्मेदार कब्जा मुक्त इसलिए भी नहीं करवा पाए हैं, क्योंकि प्रभावित होने वालों के लिए विस्थापन की प्लानिंग नहीं है। खदान डबरी तालाब से जिन परिवारों को हटाना है उन्हें निगम ने नोटिस देने के बाद कार्रवाई ठप है।


## अंतिम दिनों में सक्रिय हुआ मानसून

# शहर में मध्यम उत्तरी हिस्से में भारी रूप से बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश के सीजन के अंतिम दिनों में प्रदेश में मानसून की सक्रियता नजर आई। सरगुजा सहित प्रदेश के उत्तरी हिस्से में 21 सेमी. तक अतिभारी वहीं मध्य तथा दक्षिण में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहा। शहर में दिनभर काले बादल छाए रहे जो रूक-रूककर बरसते रहे। 30 सितंबर को सीजन पूरा होगा जिसमें राज्य का कोटा फुल हो चुका है मगर 13 जिलों में स्थिति माइनस बनी हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि शनिवार को बारिश की गतिविधि में थोड़ी कमी आएगी मगर मानसून की सक्रियता अभी कम नहीं होगी। आने वाले दिनों में तैयार होने वाला सिस्टम पुनः बारिश का कारण बनेगा। पिछले दो दिन से प्रदेश में मानसून की सक्रियता नजर आ रही है खासकर उत्तरी हिस्से में इसकी वजह से खासी बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग में होने वाली अतिभारी बारिश से आवागमन तक बाधित हुआ है। इसी तरह रायपुर समेत प्रदेश में काले बादल छाए रहे जो थोड़े अंतराल में बरसते रहे। अभी एक द्रोणिका दक्षिण गुजरात से उत्तर पश्चिम विहार तक विस्तारित है। 28 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



- शहर में दिनभर छाए रहे बादल, होती रही हल्की से मध्यम बारिश
- 30 सितंबर के पूरा होगा सीजन, राज्य का कोटा फुल, 13 जिले माइनस में

### सितंबर में बरसे 250 मिमी.

राज्य में एक सितंबर से लेकर 26 सितंबर की स्थिति में 250 मिमी. बारिश हुई है। रायपुर जिले की औसत वर्षा 235 की तुलना में अब तक 219 मिमी. वर्षा हो चुकी है। सरगुजा जिले में इसे बार 387 मिमी. बारिश हुई है जिसे मिलाकर कुल आंकड़ा 702 तक पहुंचा है जो सामान्य से 39 प्रतिशत कम है। वर्तमान में पांच जिलों में वर्षा की बड़ी कमी है इसके साथ ही रायपुर, बिलासपुर समेत आठ जिलों में 2 से 19 फीसदी की कमी बनी हुई है।

# वन कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 5 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का पांच अक्टूबर को चुनाव संपन्न होगा। नामंकन दाखिल करने की आखरी तारीख शनिवार को है, नामंकन वापसी भी इसी दिन होगा। कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर कर्मचारियों में काफी उत्साह देखा गया है। वन कर्मचारी संघ अलग-अलग पैनल बनाकर चुनाव में अपने प्रत्याशी तो चुनाव लड़ा रहे हैं।

वन कर्मचारी नेता संतोष समंत राय, पवन पिल्लै, विनोद मिश्रा, मनीष कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश के सबसे बड़े राज्य के पांचों संभागों से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए हो रहे है इस चुनाव में युवा प्रत्याशी अजित दुबे सबसे प्रबल दावेदारी कर रहे हैं। इनके चनावी एजेंडे जैसे वेतन वृद्धि, सेटअप मे परिवर्तन, वसूली प्रथा को समाप्त करना, कर्मचारियों के आवास सुविधाएं, प्रांत का हेड क्वार्टर रायपुर मे होना, प्रमोशन मे तेजी लाना,आदि मुद्दे को भारी जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।



- संगठन के नौ हजार सदस्य करेंगे मतदान
- आज नामांकन भरने की आखिरी तारीख
- चुनाव संपन्न होने के बाद उसी दिन देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे

निर्वाचन अधिकारी के रूप में कमल वर्मा कार्य करेंगे। चुनाव को लेकर कर्मचारियों में अपने नये नेता को लेकर उत्साह और सरगर्मी का माहौल बना हुआ है। वनकर्मचारी संघ के चुनाव में नौ हजार 110 सदस्य मतदान में शामिल होंगे। मतगणना का कार्य चुनाव संपन्न होने के बाद उसी दिन होगा और देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट का आरोपी टीआई सेवा से बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत्त होकर गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर महिला कर्मचारी को धमकाने तथा हॉस्टल में छेड़खानी करने के आरोपी टीआई राकेश चौबे को आईजी अमरेश मिश्रा ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। गौरतलब है, हॉस्टल में घुसकर मारपीट करने, छेड़खानी करने के आरोपी टीआई को कोर्ट ने कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है।

राकेश चौबे के खिलाफ अजाक थाना में दर्ज अपराध क्र. 04/2023 आईपीसी की धारा 451, 294, 323(दो बार), 506 बी, 354 ए तथा अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी। कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को आईजी ने संज्ञान में लेते हुए गुरुवार को निरीक्षक राकेश चौबे को नैतिक अधःपन का द्योतक एवं लोकहित में शासकीय सेवा में रखने योग्य नहीं पाये जाने पर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1996 एवं पुलिस रेग्युलेशन के प्रावधान के अंतर्गत ''सेवा से पदच्युत'' करने आदेश जारी किया है।

- टीआई का लाइन में तैनात आरक्षक को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ था
- हॉस्टल में घुसकर मारपीट करने छेड़खानी करने के आरोपी टीआई को कोर्ट ने कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई


### पुलिस लाइन में की थी बदसलूकी

पिछले दिनों पुलिस लाइन में टीआई द्वारा लाइन में तैनात एक आरक्षक को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में टीआई द्वारा पुलिस लाइन के डीएसपी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। लाइन के आरक्षक ने राकेश चौबे द्वारा अपने साथ की गई अभद्रता की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।

# टेस्टिंग में देर, धरसींवा के ग्राम नगर में एक माह से पानी सप्लाई नहीं, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा ब्लाक के नगर गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम खत्म हुए कई महीने बीत चुके हैं। इसके बाद भी गांव में नई पाइप लाइन से सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इसके कारण पिछले एक महीने से गांव के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पानी की समस्या से परेशान गांव के लोग इस संबंध में सरपंच से लेकर विभागीय अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके थे, लेकिन इसके बाद भी जब पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो इसकी शिकायत कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में की है।



फाइल फोटो

- कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में शिकायत
- सरपंच से लेकर विभागीय अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके हैं

### शिकायत पर अधिकारियों में हड़कंप कहा-टंकी टेस्टिंग का चल रहा काम

नगर गांव निवासी खुमेंद्र वर्मा ने कलेक्टोरेट जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में गांव में एक माह से जल जीवन मिशन अंतर्गत लगाए गए नलों से पानी नहीं आने की शिकायत की है। इस शिकायत में उन्होंने बताया कि पानी टंकी का निर्माण कब से हो चुका है। इसके बाद भी गांव के किसी भी घर में नल से पानी नहीं आ रहा है। इसके कारण पूरा गांव परेशान है। इस शिकायत पर कलेक्टोरेट से विभागीय अधिकारियों को फोन जाते ही हड़कंप मच गया। कलेक्टर ने हालही में ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो के प्रगति की समीक्षा की थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि जहां काम पूर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करें। कलेक्टोरेट से जब संबंधित गांव क्षेत्र के विभागीय अधिकारियों के पास फोन गया तो उनमें हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने पानी टंकी की टेस्टिंग कार्य का हवाला देते हुए कहा है कि टेस्टिंग का कार्य खत्म पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

गौरतलब है कि जिले के कई गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने से लेकर पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी उन गांवों में पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है। ज्यादातर मामले में टेस्टिंग की बातें ही सामने आ रही है।

### एमआईसी सदस्यों ने की सफाई, उठाया कचरा



**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के जोन-5 स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा हिंद स्पोर्टिंग मैदान ईदगाहभाठा में सफाई श्रमदान किया गया। इस दौरान कचरा उठाकर नगर निगम के एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, जोन-5 के कमिश्नर विमल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियता रघुमणि प्रधान, जोन कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, नागेश रामटेके, सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिशन योगेश कड्डु, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, आमजनों, निगम जोन-5 के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छता कायम कर जन-जन को स्वच्छ मैदान का सकारात्मक संदेश दिया गया। एमआईसी सदस्य श्री शर्मा ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ दिलाई।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# सौ बिस्तरों का होगा राजधानी का हास्पिटल पूरे राज्य में लागू होगी ईएसआईसी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कर्मचारी राज्य बीमा योजना पूरे राज्य में लागू होगी। कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने रायपुर और कोरबा के अस्पताल की क्षमता पचास से बढ़ाकर सौ बेड की जाएगी। इसके साथ गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा दी जाएगी।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में हुई कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विभिन्न तरह के फैसले लिए गए है। इनमें श्रमिकों को कैंसर, किडनी जैसे गंभीर रोगों के इलाज के लिए औषधालयों से सीधे अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा भी मिलेगी। बिलासपुर में सौ बिस्तर के नया अस्पताल के लिए जल्द भूमि उपलब्ध कराया जाएगा। रायपुर एवं कोरबा के अस्पतालों की क्षमता तीन माह में 50 से बढ़ाकर 100 बिस्तर किए जाने और लारा एवं खरसिया के अस्पतालों को नवंबर माह तक प्रारंभ करने का फैसला किया गया है। भिलाई एवं रायगढ़ के अस्पतालों में मरीजों की भर्ती के लिए वार्ड मेटरनिटी वार्ड, एक्सरे, ऑपरेशन थयेटर तथा लैबोरेटरी की सुविधा प्रारंभ करने, कोरबा और रायपुर के अस्पतालों में आने के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय परिषद, एवं सचिव श्रम विभाग अलरमेलमंगई डी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक महेंद्र भोई, क्षेत्रीय परिषद के सदस्य सचिव डॉ रचिता विश्वास, क्षेत्रीय बीमा आयुक्त रांची (पूर्वी क्षेत्र) तथा क्षेत्रीय परिषद के सदस्य हरीश केडिया, डीके अग्रवाल, एलपी कटकवार शामिल थे।



- अनुबंधित निजी अस्पतालों में होगी कैशलेस रेफरल व्यवस्था

### 386 दावों को स्वीकृति

अधिकारियों ने बताया कि कोविड राहत योजना के तहत 386 बीमित व्यक्तियों के दावों को स्वीकृति दी गई तथा मार्च 2024 तक 16.21 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। इसी प्रकार उद्योगों एवं संस्थाओं के पंजीकृत बीमित व्यक्तियों को बीमारी हित लाभ, स्थायी अपंगता पर पेंशन मातृत्व अवकाश, अंत्येष्टि व्यय आदि पर वर्ष 2023-24 में 33.04 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
23 जनवरी से 04 फरवरी 2025
20 फरवरी से 04 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखर (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 28 सितंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



शास्त्रीय संगीत की बंदिशों से रात तक....

## लाइव इवेंट

# ओवेरियन सिस्ट के बढ़ने से होती है कमर के आकार में वृद्धि



**रायपुर।** ओवेरियन सिस्ट के कई लक्षण हो सकते हैं, जैसे कि कमर का आकार बढ़ना, पेट या श्रोणि में दर्द, पेट में सूजन, बार-बार पेशाब आना, मलत्याग में असहजता। अगर सिस्ट पांच सेंटीमीटर से ज्यादा बड़ा हो जाए, तो अचानक गंभीर पैल्विक दर्द, मतली और उल्टी हो सकती है। यह एक आपातकालीन स्थिति है। ओवेरियन सिस्ट के दौरान आपको ऐसे भोजन खाने से बचना चाहिए, जो कार्बोहाइड्रेट, जंक फूड, वसायुक्त खाद्य पदार्थ और किसी भी अम्लीय तत्व से भरपूर हों। क्योंकि ऐसे खाद्य पदार्थ शरीर में हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकते हैं। साथ ही प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकते हैं। उक्ताशय के विचार वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ.नलिनी राजिमवाले ने महाराष्ट्र मंडल के चौबे कालोनी महिला केंद्र की बैठक में कही।

### स्लम एरिया की महिलाओं को करेंगे जागरूक

महाराष्ट्र मंडल में हुई इस बैठक में चौबे कालोनी केंद्र की महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर चिकित्सक ने 'ओवेरियन सिस्ट, हार्मोनल चेंजेस व मेनोपॉज के समय महिलाओं को होने वाली समस्या का निराकरण' विषय पर उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने सभी की जिज्ञासाओं का समाधान भी कर निरोगी रहने के उपाय बताए। संयोजिका अक्षता पंडित ने बताया कि हमारे केंद्र की महिलाएं इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर स्लम एरिया की महिलाओं को जागरूक करने का अभियान चलाएंगी।

## कैंपस इवेंट

# 'कढ़ी' के स्वाद ने बनाया विजेता पौष्टिक खीर को भी मिला स्थान



**रायपुर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत संत गोविंद राम शादाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा ईट हेल्दी एंड स्टे हेल्दी विषय पर पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में संजना साहू प्रथम स्थान पर, वीजा मोमिन द्वितीय स्थान पर और मुस्कान साहू तृतीय स्थान पर रहीं। आकांक्षा महानंदे तथा प्रियंका तिवारी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रंगोली प्रतियोगिता में स्वीटी यादव प्रथम, दुर्गामति द्वितीय एवं शिवांगिनी तृतीय स्थान पर रही। यशोदा यादव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### मालपुआ बनाकर प्रियंका रही अव्वल

इसी क्रम में व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मीठे व्यंजन में प्रियंका तिवारी प्रथम रही। उन्होंने मालपुआ बनाया था।खीर बनाकर सानिया खान ने दूसरा और अइरसा बनाकर पूजा धीवर तृतीय स्थान पर रही। नमकीन व्यंजन में सानिया खान का चौसेला प्रथम रहा। पायल ने साबूदाना बड़ा बनाया और द्वितीय स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर ही तान्या ने कढ़ी बनाई। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ.शीला दुबे, डॉ.मीना पाठक, डॉ.मनीषा गर्ग, डॉ.अंजना पुरोहित, डॉ.संध्या वर्मा, डॉ.विनीता शर्मा और डॉ.सुषमा तिवारी रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वीके गोयल ने छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।

## समाज इवेंट

# फायरलेस सेंडविच बनाने मिलेंगे 30 मिनट, कार संग सजेंगे सवार



**रायपुर।** भगवान महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव तीन दिन तक चलेगा। इसका आगाज 'गो रायपुर गो' से होगा। अग्रसेन कार्निवल में बुजुर्गों की चौपाल सजेगी। शोभायात्रा के साथ हास्य कवि सम्मेलन से इस बार महोत्सव में धूम मचाने की तैयारी है। तीन अक्टूबर को होने वाले जयंती महोत्सव को यादगार बनाने के लिए सितंबर में महीनेभर 19 मोहल्ला समितियों द्वारा अलग-अलग थीम पर प्रतियोगिताओं का दौर चला। इसमें पहला व दूसरा स्थान बनाने वाले प्रतिभागियों को अब मुख्य जयंती महोत्सव में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। सभी विजेताओं का सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया जाएगा। मीडिया प्रभारी योगेश अग्रवाल और आयुष अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा का रूट व मुख्य सांस्कृति प्रोग्राम में किन प्रतिभागियों को प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा, यह भी निर्णायक मंडल ने तय किया है।

### लगेगी बुजुर्गों की चौपाल

रविवार को सुबह 11 बजे गो रायपुर गो थीम पर मैक कॉलेज समता कॉलोनी से शुभारंभ होगा। बेस्ट डेकोरेटेड कार एवं बेस्ट ड्रेस के लिए पुरस्कार स्थल पर मिलेगा। दोपहर दो बजे लक्की ड्रॉ, बुजुर्गों की चौपाल, टैटू, स्केचिंग के साथ हर वर्ग के लिए मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। शाम 5 बजे दिल्ली की काफिला बैंड पार्टी द्वारा लाइव संगीत से लोगों को खुशनुमा माहौल दिया जाएगा। कैलाश मुरारका ने बताया कि अग्रोहा धाम में सर्व समाज के लिए अग्रवाल डाक्टर्स द्वारा स्वास्थ्य शिविर में सेवा दी जाएगी। सोमवार को हल्दी फंक्शन की ज्वेलरी को पीले आर्टिफिशियल फूल-सफेद मोती से सजाने के लिए 45 मिनट मिलेंगे।

## दूधाधारी मठ में जीवंत होगी रामलीला, दूसरे दिन से प्रारंभ होगा मंचन

# 'सीता' नहीं रुकना चाहती रायपुर में, 'रावण' की कद-काठी भी बनी बड़ी समस्या, रामायण के पुराने योद्धा हुए गायब

शहर में नवरात्रि को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। इस बार भी दूधाधारी मठ में रामलीला का मंचन होगा। रामलीला मंडली को समितियों ने बुलावा भेजा दिया है। दूधाधारी मठ में 151 साल से रामलीला की परंपरा चल रही है। लेकिन इन सबके बीच एक गंभीर समस्या रामलीला मंचन के कलाकारों की है। युवा अब इस विधा से जुड़ना नहीं चाह रहे हैं। यही वजह है कि मुख्य किरदारों से लेकर अन्य भूमिकाओं के लिए भी कलाकार तलाशने मशक्कत करनी पड़ रही है।



**रायपुर।** रामायण के पात्रों के अनुसार युवाओं को तैयार किया जा रहा है। दूधाधारी मंदिर में 20 साल से लक्ष्मीनारायण मंदिर रामकुंड की रामलीला पार्टी रामायण का मंचन कर रही है। नौ दिन रामलीला चलने के बाद दशहरे के दिन रावणभाठा में अंतिम मंचन होता है। इस बार भी मंडली को आमंत्रित किया गया है। नवरात्रि शुरू होने के दूसरे दिन से मंडली पहुंच जाएगी। रोज रात 9 बजे से रामलीला का मंचन होगा। लोगों में इसे लेकर अब भी उत्साह है और वे इसमें शामिल होने पहुंचते भी हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले कलाकार रोजी-रोटी के लिए दूसरे व्यवसाय भी करते हैं। इस कारण भी कलाकार ढूंढने में दिक्कत रामलीला मंडली को आती है। कई ऐसे भी हैं जो पहले रामलीला करते थे, लेकिन अब मंडली का हिस्सा नहीं हैं। पुराने मंझे हुए कलाकारों का रिप्लेसमेंट ढूंढना भी एक चुनौती है।

### रामायण के महत्वपूर्ण हिस्सों का मंचन

नवा रायपुर भी 10 साल से रामलीला का मंचन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। समिति के सदस्य बलराम ने बताया कि रामलीला को लेकर अभ्यास शुरू हो चुका है। इस बार भी परंपरा के अनुसार नवरात्रि के शुरुआत से ही रामलीला का मंचन देखने को मिलेगा। कुछ नए कलाकार भी जुड़ेंगे। रामायण के महत्वपूर्ण हिस्सों का मंचन होगा। इसके अलावा हमर राम समिति ने कोरोना से पहले शहीद स्मारक भवन में रामलीला का मंचन किया था। इसमें मथुरा के कलाकारों ने भी भाग लिया था। इस रामलीला को लोगों ने काफी सराहा था, इसलिए पहले की तरह भव्य रूप में आयोजन करने की तैयारी है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है। समिति के निर्णय के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। यहां के कलाकार डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के रावण दहन कार्यक्रम में अंतिम मंचन करते हैं।



### कलाकारों की कमी, इसलिए एक कलाकार दो भूमिका में

रामलीला मंडली को रावण और माता सीता नहीं मिल रहे हैं, जो रामलीला में मंचन कर सकें। मंडली का कहना है कि मंडल में कलाकारों की संख्या अब हर साल कम होती जा रही है। ऐसे में माता सीता के लिए कोई नहीं मिल रहा है। हर साल मां सीता का अभिनय करने कोई लड़की नहीं मिलती। इस वजह से एक कलाकार को दो किरदारों का अभिनय करना पड़ेगा। मंडली का कहना है कि नवरात्रि में लगभग 9 दिनों तक रायपुर में रहते हैं। ऐसे में अकेली लड़की इतने दिनों के लिए मंडली के साथ जुड़ नहीं पाती है। रावण के लिए मोटे और बड़े कद वाले व्यक्ति की तलाश है। रामलीला में अब सभी युवा और पुरुष हैं। अब कोई भी वरिष्ठ कलाकार नहीं है।

## नवरात्रि के अवसर में शांति सरोवर में देखने मिलेगी नौ देवियों की चैतन्य झांकी

### देखने से मिलेगी एकाग्रता और शारीरिक स्थिरता

ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया, आदिशक्ति के नौ रूपों की जीवंत झांकी में लाइट और साउंड के माध्यम से प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी बहनें जब चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं, तो वह सजीव होते हुए भी अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं। झांकी देखने पर प्रतीत होगा वे देवी मूर्ति समान हैं। लोगों को राजयोग की सतत साधना और गहन तपस्या के फलस्वरूप मन की एकाग्रता एवं शारीरिक स्थिरता देखने मिलेगी। प्रतिवर्ष यह झांकी देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।



### भक्ति, ध्यान और अध्यात्म का एहसास

विधानसभा रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति सरोवर में नवरात्रि पर नौ देवियों की चैतन्य झांकी तैयार की जा रही है। यहां मां दुर्गा के नौ रूप अत्यंत आकर्षक एवं जीवंत स्वरूप में देखने को मिलेंगे। नवरात्रि में शाम को 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों के दर्शन कर सकेंगे। ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनें चैतन्य झांकी में देवियों का रूप धारण करके एक ही स्थिति में रहकर बिना पलक झपकाए अपनी संकल्प शक्ति से संदेश देंगी। झांकी में लोगों को भक्ति, ध्यान और अध्यात्म का एहसास होगा।

# सहायक उपनिरीक्षक के 263 पदों पर होगी भर्ती सर्वाधिक 48 पद बिलासपुर रेंज में, रायपुर में 20

**रायपुर।** राज्य में सहायक उपनिरीक्षक के 263 पदों पर भर्ती की जाएगी। पुलिस विभाग में सहायक उपनिरीक्षक (एम) के 263 पदों पर भर्ती को वित्त विभाग ने मंजूरी दी है। गौरतलब है कि गृह विभाग द्वारा सहायक उपनिरीक्षक (एम) की भर्ती के लिए प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा था। वित्त विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। सहायक उप निरीक्षक के विभिन्न रेंज में 213 पदों को मंजूरी दी गई है। इसमें पुलिस मुख्यालय सामान्य शाखा में 40, रायपुर रेंज में 20, बिलासपुर रेंज में 48, बस्तर रेंज में 28, दुर्ग रेंज में 10, सरगुजा रेंज में 35 और राजनांदगांव में 32 पद शामिल है। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय में कनिष्ठ श्रेणी, शीघ्रलेखक/सूबेदार (एम) के 50 पदों पर भर्ती को स्वीकृति दी गई है।

## शीघ्रलेखक और सूबेदार के पद भी शामिल

### गृह विभाग में 806 पदों के लिए पूर्व में ही मिल चुकी है स्वीकृति

उल्लेखनीय है कि गृह विभाग में सूबेदार, उप पुलिस निरीक्षक, प्लाटून कमांडर, नगर सैनिक सहित कुल 806 पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग द्वारा पूर्व में स्वीकृति दी जा चुकी है। सहायक उपनिरीक्षक की भर्ती के लिए स्वीकृत पदों को शामिल करने के बाद गृह विभाग के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के 1069 पदों की भर्ती की मंजूरी वित्त विभाग से मिल चुकी है। इनमें से कुछ संवर्ग के पदों की पूर्ति के लिए भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### अन्य विभागों में जारी है भर्ती प्रक्रिया

अब तक राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा कुल 3737 पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग ने मंजूरी दी है, जिनमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में 181, स्वास्थ्य विभाग में 1201, आदिम जाति कल्याण विभाग में 300, वन विभाग में 66, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के 237, विधि विभाग के अंतर्गत न्यायालयों में व्यवहार न्यायाधीश सहित अन्य संवर्ग के कुल 362 पदों की स्वीकृति के साथ ही कृषि विभाग के अंतर्गत 321 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की भर्ती प्रक्रिया जारी हैं।

# शिक्षा को दिया बढ़ावा, मिला दादा साहेब फाल्के अवार्ड

**रायपुर।** दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन इंदौर के एक होटल में किया गया। प्रदेश की सोनम श्रीवास्तव को इस आयोजन में पुरस्कृत किया गया। वे शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए विशेष पाठशाला चलाती हैं। यहां गरीब बेटियों को शिक्षा देने के साथ ही उनके लिए खास तौर से अंग्रेजी की कक्षाएं लगाई जाती हैं। इस भव्य आयोजन में बॉलीवुड फिल्म बजरंगी भाईजान की सेलिब्रिटी अतिथि हार्शाली मल्होत्रा और स्टैंड-अप कॉमेडियन राजा-रैंचो भी शामिल हुए थे। मुख्य अतिथि मप्र के मुख्यमंत्री की बहन कलावती यादव रहीं। इस अवसर पर सुरेंद्र, कुलदीप (इन्फ्लुएंसर) और मॉडल एवं अभिनेत्री रितु सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद सोनम ने बताया, गरिमामय आयोजन में उनको यह सम्मान बेटियों को निःशुल्क शिक्षा देने और अंग्रेजी भाषा की कक्षा चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दिया गया। इससे समुदाय में प्रभाव भी दिखा है।



## पीएससी और व्यापम द्वारा विभिन्न विभागों के लिए निकाली गई है भर्तियां

# लिखित परीक्षा की तैयारी ऐप और यू-ट्यूब चैनल से, लेकिन इंटरव्यू के लिए लेनी पड़ रही एक्सपर्ट्स की मदद, 10 दिन से माह भर का पैकेज

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** प्रतियोगी परीक्षा में जितना महत्व लिखित परीक्षा का होता है, उतनी ही मौखिक परीक्षा जरूरी होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में स्टडी मटेरियल उपलब्ध होने के कारण प्रतिभागी लिखित परीक्षाओं की तैयारी तो आसानी से कर रहे हैं, लेकिन इंटरव्यू के लिए उन्हें अभी भी ऑफलाइन कक्षाओं की मदद लेनी पड़ रही है। प्रतिभागियों की आवश्यकताओं को देखते हुए इसके लिए विशेष कक्षाएं भी कोचिंग संस्थाएं संचालित कर रही हैं। पीएससी और व्यापम द्वारा लोकसभा चुनाव के बाद कई विभागों में भर्तियां निकाली गई हैं। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने प्रतिभागी इंटरव्यू के तैयारी करने भारी-भरकम फीस भी चुका रहे हैं।



### साक्षात्कार के दौरान आती हैं दो तरह की समस्याएं

उड़ान एकेडमी के अंकित अग्रवाल ने बताया, साक्षात्कार से 10 दिन पहले कोचिंग में तैयारी शुरु हो जाती है। जिसमें प्रतिभागी के बोलने, प्रश्नों को समझने, व्यक्तित्व विकास व हाव-भाव पर विशेष ध्यान दिया जाता है। सीजी पीएससी द्वारा सामान्यतः तीन चरणों में परीक्षा ली जाती है, जिसमें प्री, मेंस व इंटरव्यू शामिल है। साक्षात्कार के दौरान दो मुख्य समस्या होती है, पहला कम्यूनिकेशन व दूसरा एक्सप्रेशन है। अच्छे कम्यूनिकेशन के लिए भाषा का सही उपयोग व समझ होना जरुरी है। शब्द व्यक्ति के विचारों का प्रतिनिधित्व करता है, शब्दकोष को बेहतर बनाने के लिए अच्छी संगत व किताबों को पढ़ना शुरु करें।एकेडमी से अग्रवाल ने बताया, दूसरी महत्वपूर्ण समस्या प्रतिभागी के एक्सप्रेशन व सेल्फ कॉन्फिडेंस की होती है। जिसे बेहतर बनाने के लिए क्लास में सलाह दी जाती है। इसमें मिरर के सामने स्वयं से चर्चा, ग्रुप चर्चा व वाद-विवाद में हिस्सा लेने की सलाह दी जाती है।

### उम्मीदवार के उत्तर से ही बनते हैं सवाल

नूतन स्कूल में निशुल्क कोचिंग कक्षाएं लेने वाले केएम अग्रवाल ने बताया, जिन प्रतिभागियों का चयन इंटरव्यू के लिए होता है, उन्हें सप्ताह भर पहले ट्रेनिंग दी जाती है। साक्षात्कार के दौरान अनुभवी व्यक्तियों को शामिल किया जाता है, जो आपके परिचय से प्रश्नों की शुरुआत करते हैं। प्रश्नों के उत्तर से ही प्रश्न बनाया जाता है, इसलिए उत्तर देते वक्त सही शब्दों का चयन करें। एक उत्तर से कितने प्रश्न तैयार हो सकते हैं, इसका पूर्वानुमान लगाकर उत्तर दें। उदाहरण के तौर पर आप कहां से हैं? वर्तमान में किस पद पर हैं? हॉबी संबंधित जानकारी जैसे इन प्रश्नों से साक्षात्कार की शुरुआत होती है।

### समूह के समक्ष करते हैं सवाल-जवाब

पाथ आईएएस एकेडमी से डॉ.हामिद खान ने बताया, चयनित प्रतिभागियों को साक्षात्कार के लिए विशेष रुप से तैयार किया जाता है। प्रतिभागियों को 15-20 दिनों की ट्रेनिंग दी जाती है, जिसमें विभिन्न बिन्दुओं की तैयारी कराई जाती है। इसमें व्यक्तित्व की बात, निजी जीवन की जानकारी, एनसीसी व स्काउड कैडेट, निवास व जन्म स्थान, जिला संबंधित जैसे विषयों को प्राथमिकता दी जाती है। संस्थान में 'ग्रुप मॉक टेस्ट' का आयोजन किया जाता है, जिसमें लगभग 20 लोगों के समूह के समक्ष प्रतिभागियों से प्रश्न-उत्तर किया जाता है। जिससे व्यक्ति में साक्षात्कार का डर कम हो जाता है। साक्षात्कार से संबंधित नोट्स भी तैयार करके दिए जाते हैं, जिसमें अधिकर परीक्षा संबंधित जानकारियों को शामिल किया जाता है।

## आराधना

# सभी पुराणों के बाद हो गीता पाठ, क्योंकि यह सबका सार



**रायपुर।** गीता का पाठ सभी महापुराणों में होना चाहिए, क्योंकि गीता को किसी ऋषि मुनि ने नहीं रचित नहीं किया बल्कि स्वयं भगवान ने महाभारत के दौरान गीता उपदेश अर्जुन को दिया था। सभी पुराणों के बाद श्रीमद् भागवतगीता का पाठ होना ही चाहिए, यह कहना आचार्य युवराज पांडेय का है। शहर स्थित महामाया देवी मंदिर में दस दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया था। जिसके अंतिम दिन वेदी पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ी रही। इसके पूर्व भजनों में भी लोग झूमते नजर आए।

### 4 वेद, 18 पुराण व 6 शास्त्रों संग शोभायात्रा

शिवमहापुराण के अंतिम दिन आचार्य द्वारा श्रीमद् भागवतगीता के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा व्यक्ति के अंतिम समय में गीता को नजदीक रखना चाहिए। इससे व्यक्ति को शुभ फल की प्राप्ति होती है, मान्यता के अनुसार वह सीधे बैकुंठ धाम जाता है। शिव महापुराण की कथा के समापन अवसर पर मंदिर परिसर से 4 वेद, 18 पुराण व 6 शास्त्रों संग भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही, जिनके द्वारा शास्त्रों को नगर भ्रमण कराया गया। महामाया मंदिर परिसर से प्रारंभ शोभायात्रा का समापन नगर भ्रमण के पश्चात मंदिर परिसर में हुआ।

## सिटी लाइव

# विज्ञान आधारित मॉडल से बताई फॉर्मेसी की अहमियत



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी द्वारा तीन दिवसीय 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' का आयोजन किया। कार्यक्रम का विषय 'वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति' था। वैश्विक थीम के उद्देश्य से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजाकर करने छात्रों के समक्ष विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी दी गई। आयोजन का शुभारंभ फॉर्मेसी जागरुकता रैली व शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया। इसमें वैज्ञानिक पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### रंगोली में वैज्ञानिक दृष्टिकोण

कार्यक्रम के दूसरे दिन रंगोली और वैज्ञानिक कार्यशील मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में रविवि से डॉ. प्रीति के सुरेश व सहायक औषधि नियंत्रण से डॉ. तृप्ति जैन उपस्थित रही। इस अवसर पर संबोधन में दुनिया भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने फार्मासिस्ट के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया गया। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.एस के सिंह ने 2030 तक अच्छे स्वास्थ्य के लिए डब्ल्यूएचओ के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। आयोजन के दौरन रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, फार्मेसी विभाग के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार सिंह, हर्ष गौतम मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

## पर्यटन दिवस

# पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्योत्सव में होंगे पुरस्कृत



**रायपुर।** पर्यटन को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष राज्योत्सव में पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को नवा रायपुर के एक निजी होटल में विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केटप्लेस कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने यह घोषणा की। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ टूरिस्म बोर्ड और छत्तीसगढ़ ट्रेवल ट्रेड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, देश के पर्यटन विभाग का सूत्रवाक्य अतिथि देवो भवः है। छत्तीसगढ़ में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आए उपयोगी सुझावों पर विचार कर हम इन्हें अमल में लाएंगे।

### प्राकृतिक सुंदरता को सहेजने में मिलेगी मदद

उन्होंने आगे कहा, पूरी दुनिया में सतत एवं रिस्पांसिबल टूरिज्म पर जोर दिया जा रहा है ताकि हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी निरंतर ठोस कदम बढ़ा सकें। बस्तर में टूरिज्म बढ़ेगा तो प्राकृतिक सुंदरता को भी सहेजने में मदद मिलेगी। इनसे हजारों लोगों के आजीविका का अवसर भी पैदा होगा। हमारा राज्य ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक और प्राकृतिक धरोहरों के साथ गौरवशाली प्राचीन लोक संस्कृति का भी अद्वितीय उदाहरण है। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, छग ट्रेव्हल ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल जैन सहित मध्य भारत के पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

---

● राग रजनी संगीत समारोह का समापन : विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# शास्त्रीय संगीत की बंदिशों से रात तक सजी महफिल रसों से किया सिंचित, वाद्य यंत्रों के मुरीद हुए श्रोता

वृंदावन हॉल में आयोजित राग रजनी संगीत समारोह के समापन में देश के विभिन्न राज्यों के शास्त्रीय संगीत के फनकारों ने शुक्रवार को सुरों का ऐसा जादू बिखेरा कि दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मंत्रमुग्ध हो गए। शास्त्रीय संगीत की विधाएं, आयाम और सुरों के सौंदर्य को उन्होंने बहुत खूबसूरती के साथ लयबद्ध कर गायन किया।



**रायपुर।** कार्यक्रम में विलंबित झपताल, लय एक ताल और अति द्रुत लय का ऐसा संगम हुआ कि संगीत प्रेमी मगन होकर झूमने लगे। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत वोकल प्रस्तुति से हुई, जिसमें कमला तिमसिना, भूमिका गिजरे और वर्षा वर्मा और गीता साहू ने एक साथ संगीत के स्वर दिए। खूबसूरत बंदिश प्रस्तुत कर सभी को मुग्ध कर दिया। इस दौरान तबले पर बी. शरद और हारमोनियम पर शुभदा गिजरे ने संगत की।



### जुगलबंदी ने किया प्रभावित

शास्त्रीय संगीत के साथ वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी ने श्रोताओं के बीच न केवल समां बांधा, बल्कि उन्हें अपनी प्रस्तुति से प्रभावित भी किया। संगीत के साथ वाद्य यंत्रों से निकलने वाली मधुर ध्वनि ने श्रोताओं को देर रात तक कार्यक्रम में बांधे रखा। कलाकारों ने कहा कि बदलते समय के साथ शास्त्रीय संगीत अब आम लोगों तक पहुंच रहा है। वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी बीतते वक्त के साथ बेहतर होती जा रही है, जिसमें हर कोई आनंद के सागर में गोते लगाने लगा। राग रजनी कार्यक्रम से शहर के शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को अविस्मरणीय अनुभव मिला।

### कान्हा की भक्ति में श्रोता भावविभोर

पटना से गायिका डॉ. सौम्या चक्रवर्ती ने राग केदार की सुमधुर प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने गायन की शुरुआत विलम्बित एकताल में चांदनी रात.. गाकर की। इसके बाद मध्यलय तीनताल में कान्हा रे नन्द नन्दन... तथा अंत में द्रुत एकताल में ए नवेली नार... गाकर समां बांध दिया। इसके बाद उन्होंने बनारस की प्रसिद्ध कजरी व झूला की रचना सुनाकर श्रोताओं को रससिक्त अर्थात रस से सिंचित कर दिया। तबला पर अशोक कुर्म व सारंगी पर बनारस के अनीश मिश्रा ने संगत की। लगभग 20 मिनट की प्रस्तुति में सुरों में डूबते हुए कलाकार ने ऐसी तान छेड़ी कि लोग सुरों के सागर में गोते लगाने को विवश हो गए। इसके साथ ही मध्यलय तीन ताल की प्रस्तुति से भाव-विभोर कर दिया।







### वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति ने जीता दिल

कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति दिल्ली के वायलिन वादक पं.संतोष नाहर ने राग किरवानी में दी। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत की शुरुआत आलाप, जोड़ और झाला से की। इसके बाद विलंबित त्रिताल में निबद्ध गत प्रस्तुत की फिर तीन ताल में द्रुत गति की रचना के साथ अपने प्रदर्शन का झाला द्वारा समापन किया। तबला पर रामचंद्र ने संगत की। कार्यक्रम में हर प्रस्तुति के बीच सुरों के ऐसे रंग बिखेरे कि हर कोई बस वाद्य यंत्रों की ध्वनि का मुरीद हो गया। कलाकार को श्रोताओं ने भी भरपूर सराहा।

---

[ 44 लाख छात्रों के लिए बनेंगे 8 हजार केंद्र

# सीसीटीवी की निगरानी में 10वीं-12वीं की परीक्षा दिलाएंगे छात्र, दो माह तक रखी जाएगी रिकॉर्डिंग

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की तरफ से बोर्ड परीक्षाओं के लिए सीसीटीवी नीति के बारे में एक नोटिस जारी किया गया है। बोर्ड ने सभी स्कूलों को अगले साल यानी 2025 में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए अपनी कक्षाओं में सीसीटीवी फैसिलिटी लेने के लिए कहा है। ऑफिशियल नोटिस को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है। बोर्ड द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस वर्ष लगभग 44 लाख छात्रों के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल होने की उम्मीद है। इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के लिए करीब 8,000 स्कूल परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। पिछले वर्षों के पैटर्न के अनुसार, बोर्ड फरवरी 2025 के मध्य में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू करेगा। हालांकि, सीबीएसई द्वारा विस्तृत सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 का टाइम टेबल अभी तक जारी नहीं किया गया है। लेकिन परीक्षा के लिए तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है।

### सीसीटीवी नहीं तो केंद्र नहीं

आधिकारिक नोटिस में लिखा है, 'बोर्ड ने फैसला किया है कि परीक्षा केंद्र बनाए जाने वाले सभी स्कूलों में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) की सुविधा होनी चाहिए। अगर किसी स्कूल में सीसीटीवी की सुविधा नहीं है, तो उस स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाने पर विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षाओं को सुचारू रूप से और निष्पक्ष रूप से संचालित करने के लिए सीबीएसई द्वारा सीसीटीवी नीति विकसित की गई है।

### स्कूल खुद उठाएंगे रख-रखाव का खर्च

नीति के तहत परीक्षा हॉल की रिकॉर्डिंग को कक्षा 10वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी होने के बाद कम से कम दो महीने तक सुरक्षित रखा जाना अनिवार्य होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अगर बोर्ड को किसी रिकॉर्डिंग की समीक्षा करने की आवश्यकता हो, तो वह आसानी से उपलब्ध हो सके। केवल अधिकृत कर्मी ही इन रिकॉर्डिंग्स को एक्सेस कर सकेंगे। बोर्ड ने यह भी निर्देश दिया है कि कैमरों में पैन, टिल्ट और जूम जैसी सुविधाएं होनी चाहिए ताकि विशिष्ट क्षेत्रों और छात्रों की सटीक निगरानी की जा सके। हालांकि, इन कैमरों की स्थापना और रखरखाव का खर्च स्कूलों को खुद उठाना होगा, बोर्ड द्वारा इसकी कोई आर्थिक सहायता नहीं दी जाएगी। इसके अलावा सीबीएसई ने स्कूलों को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि माता-पिता और छात्रों को इस निर्णय के उद्देश्य और उनकी अधिकारों की पूरी जानकारी दी जाए। स्कूलों को सलाह दी गई है कि वे ओरिएंटेशन सेशन, हैंडबुक और नोटिस बोर्ड के माध्यम से यह जानकारी साझा करें।

---

**नैतिक सिद्धांतों पर टिका रहना अहम, अपनी जिम्मेदारी समझें विद्यार्थी**

# सभी वर्ग का सही व समग्र प्रतिनिधित्व हमारा दायित्व

**रायपुर।** आंजनेय विवि के पत्रकारिता विभाग और प्रेस क्लब के तत्वावधान में पत्रकारिता और समकालीन मुद्दे विषय पर तीन दिवसीय नेशनल वेबिनार की शुरुआत हुई। प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने समकालीन पत्रकारिता के मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की पत्रकारिता एक परिवर्तनशील दौर से गुजर रही है। जहां नैतिक मूल्यों के साथ संघर्ष देखने को मिल रहा है। इसके बावजूद, पत्रकारिता अभी भी अपने नैतिक सिद्धांतों पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है और इस महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हुए पत्रकारों का कर्तव्य है कि वे अपने कार्यों को हमेशा जनता और राष्ट्र के हित में करें। सही, सटीक और निष्पक्ष समाचारों का प्रसारण पत्रकारिता का मूल मंत्र है।



### आधुनिक समाज में जरूरी है विविधता

*इस दौरान पिछले चार-पांच वर्षों में पत्रकारिता में आए परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला गया। विशेषकर ग्राउंड रिपोर्टिंग और फील्ड रिपोर्टिंग के बढ़ते महत्व पर विचार साझा किए गए। वेबीनार के पहले तकनीकी सत्र में गढ़वाल विवि के सहायक प्रोफेसर डॉ. साकेतर ने डायवर्सिटी एंड रिप्रेजेंटेशन इन मीडिया विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि मीडिया में विविधता और प्रतिनिधित्व एक ऐसा विषय है जो आधुनिक समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मीडिया का दायित्व है कि वह समाज के सभी वर्ग का सही और समग्र प्रतिनिधित्व करे। तीसरे सत्र में सरला बिरला विवि रांची के सुधीर कुमार ने मीडिया पूर्वाग्रह पर अपने विचार साझा किए।*

---

बस्तर के चित्रकोट और दूढमारस गांवों को विशेष सम्मान

# स्थानीय समुदाय ने दिया पर्यटन को बढ़ावा, ग्रामीणों के प्रयास से एडवेंचर के लिए प्रसिद्ध हुआ 'दूढमारस'

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ को पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए भारत सरकार ने सम्मानित किया है। बस्तर के चित्रकोट और दूढमारस गांवों को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता 2024 में विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में दिया गया। चित्रकोट को सामुदायिक पर्यटन मॉडल के लिए और दूढमारस को एडवेंचर पर्यटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान दिया गया है।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चित्रकोट और दूढमारस ग्राम के लोगों और पर्यटन विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि से राज्य के पर्यटन उद्योग को और गति मिलेगी। इसके लिए राज्य में वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।




### आकर्षित हो रहे हैं विदेशी पर्यटक

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा दिए गए इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए छग पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., प्रबंध संचालक वेक आचार्य और जंगल सफारी के निदेशक गणवीर धम्मशील उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इन दोनों स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा देने में स्थानीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दूढमारस गांव अपनी रोमांचक एडवेंचर गतिविधियों के लिए पर्यटकों को आकर्षित करता है, जबकि चित्रकोट का जलप्रपात अपने प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहर के कारण विश्वप्रसिद्ध है। इस सम्मान से इन दोनों पर्यटन स्थलों की पहचान और भी व्यापक हो गई है।

### पर्यटन केवल यात्रा नहीं, बल्कि प्रकृति और स्वयं से जुड़ने का माध्यम




डिग्री गर्ल्स कॉलेज में इतिहास विभाग तथा कॉलेज के युवा टूरिज्म क्लब के तत्वाधान में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दो दिवसीय पर्यटन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2024 की थीम पर्यटन व शांति है। इसके आधार पर ही आयोजन हुए। मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के इंडिया टूरिज्म के मैनेजर मयंक दुबे रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.किरण गजपाल ने की। उन्होंने पर्यटन को समाज व संस्कृति को भावनात्मक रूप से जोड़ने वाला माध्यम बताया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.शंपा चौबे ने पर्यटन दिवस मनाने के उद्देश्य और अर्थव्यवस्था में उसके योगदान के महत्व से छात्राओं को अवगत कराया। छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, पर्यटन सिर्फ यात्रा नहीं अपितु वह प्रकृति और स्वयं से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है।

### छात्राओं ने बनाए पर्यटन संबंधित रील

पर्यटन दिवस समारोह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय था 'छत्तीसगढ़ में पर्यटन की संभावनाएं व चुनौतियां'। साथ ही पर्यटन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। 'आओ जाने अपने देश' मिशन के माध्यम से मयंक दुबे ने छात्राओं को मोबाइल द्वारा पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के लिंक से जोड़ा तथा उन्हें अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के वीडियो बनाकर उस लिंक में डालने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं के लिए पर्यटन पर रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में पहले दिन आंध्र और तमिलनाडु ने जीते अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप-सीनियर वुमेंस टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट शुक्रवार से शुरू हुआ। पहले दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में केरला विरुद्ध आंध्र प्रदेश खेला गया। बारिश की वजह से मैच देरी से प्रारंभ हुआ तथा 8-8 ओवरों का खेला गया। केरला वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। आंध्र प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 8 ओवरों में 5 विकेट खोकर 64 रन बनाये। आंध की ओर से हेनरिटा ने सर्वाधिक 31 रन बनाये। साथ ही मेघना ने 13 रनों का योगदान दिया। केरला की ओर से मृदुला तथा विनाया ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 65 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केरला वुमेंस की टीम 8 ओवरों में 4 विकेट खोकर 61 रन ही बना सकी। केरला की ओर से अक्षया ने सर्वाधिक 23 रन तथा अखिला ने 19 रनों योगदान दिया। वही आंध्र की ओर से कप्तान मेघना ने 2 विकेट प्राप्त किये। रोमांचक मुकाबले में आंध्र प्रदेश ने 3 रनो से मैच जीत लिया। दूसरा मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तमिलनाडु बनाम छत्तीसगढ रेड वुमेंस खेला गया। छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 154 रन बनाए। तमिलनाडु की ओर से अर्शी चौधरी ने सर्वाधिक 70 रन बनाये। साथ ही तिरुश कामिनी ने 30 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ रेड की ओर से योगिता तथा ममता ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ रेड वुमेंस की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 94 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ रेड की ओर से कुमुद साहु ने सर्वाधिक 32 रन तथा मिताली ने 20 रनों योगदान दिया। वही तमिलनाडु की ओर से अक्षरा तथा शरतप्रिया ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। तमिलनाडु ने 60 रनो से मैच जीत लिया।

### 3ए साइड वॉलीबॉल नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को मिला तीसरा स्थान



**रायपुर।** महाराष्ट्र में अहमद नगर के शिरडी में 3ए साइड वॉलीबॉल नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 20 से 24 सितम्बर तक किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की गर्ल्स टीम ने महाराष्ट्र, गुजरात और दमन को सीधे सेटों में हराया। तीसरे स्थान के लिए दमन व दीव के साथ हुए रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम 21-19, 18-21, 15-13 के स्कोर से पीटते हुए तीसरा स्थान प्राप्त करने में कामयाब रही।

### रणजी ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ टीम की चयन सूची जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा सीजन 2024-25 के लिए मेंस सीनियर रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ टीम की कमान रायपुर के सलामी बल्लेबाज़ अमनदीप खरे संभालेंगे। वही आईपीएल में धमाकेदार पारी से सब का दिल जीतने वाले शशांक टीम के उप कप्तान होंगे। इस बार के टीम में बोर्ड के अन्य मुकाबलों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे आयुष पांडेय और अनुज तिवारी सीनियर रणजी टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए है। छत्तीसगढ़ का पहला मुकाबला रायपुर में दिल्ली की टीम के साथ आगामी 11 अक्टूबर से होगा। चयनित सभी खिलाड़ियों को कल रायपुर में जरुरी दस्तावेज के साथ रिपोर्ट करना होगा।

### बास्केटबाल खिलाड़ियों का किया सम्मान



**रायपुर।** मेजर ध्यान चन्द की स्मृति में खेल सप्ताह का आयोजन क्रीड़ा भारती जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा किया गया था। जिसमे जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 4 सितम्बर को रावणभाटा मैदान बास्केटबाल कोर्ट में किया गया। जिसमें जिले भर से 75 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। आयोजन राजकुमार मल अध्यक्ष जिला बास्केटबाल संघ, डॉ विकास आडिल, आदित्य सिंह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षक शरद पंसारी, निर्मल जांगड़े, सिनियर खिलाड़ी प्रज्योत शर्मा, सिद्धांत जाधव, शीतल गेहानी, नेमीचंद साहू का योगदान रहा।

युवा आबादी में हृदय की कमजोरी ज्यादा देखी जा रही, सावधानी जरूरी

# युवाओं में बढ़ते हृदय रोग से बचाव के लिए जरूरी है डाक्टर की सलाह, आप भी जानिए

हृदय रोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती समस्या है जिसका शिकार सभी उम्र के लोग हो रहे हैं। युवा आबादी में भी ये दिक्कत बढ़ती देखी जा रही है। हालिया रिपोर्ट्स में बैठे-बैठे, जिम के दौरान हार्ट अटैक और इसके कारण मौत के कई मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। हृदय रोग और इससे संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि किन चीजों का बढ़ना हार्ट के लिए नुकसानदायक है?

जामा जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि कई कारक हैं जो हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के खतरे को बढ़ा रहे हैं। पारिवारिक इतिहास के साथ, खराब आहार, मोटापा, शारीरिक गतिविधियों की कमी, शराब का सेवन, हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल इन समस्याओं के लिए आपका खतरा बढ़ा सकते हैं। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को हार्ट की समस्या रही है उन्हें और भी सावधानी बरतते रहनी जरूरी है।



## क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ एस.एन. तिवारी बताते हैं, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए कम उम्र से ही प्रयास करते रहना जरूरी है। संभावित हृदय संबंधी समस्याओं का समय रहते पता लगाने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूर कराएं। इसके साथ आहार और दिनचर्या को ठीक रखने वाले उपाय करके कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को कंट्रोल में रखें। कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर धमनियों में प्लाक के निर्माण को बढ़ावा दे सकता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा रहता है। अपने वजन को कंट्रोल बनाए रखना हृदय पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए जरूरी है। आइए जानते हैं कि हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए क्या उपाय किया जाना चाहिए?

## शराब-धूम्रपान को कहें न

हृदय को स्वस्थ बनाए रखने के लिए शराब-धूम्रपान दोनों से दूरी बनाकर रखना बहुत जरूरी है। धूम्रपान धमनियों की परत को नुकसान पहुंचाने और प्लाक बनने को जोखिमों को बढ़ा सकता है। इन स्थितियों में हृदय रोगों का जोखिम काफी हद तक बढ़ा देता है। धूम्रपान की ही तरह शराब का सेवन भी नुकसानदायक है। शराब पीने से रक्तचाप बढ़ सकता है और हृदय की लय में गड़बड़ी हो सकती है, इससे दीर्घकालिक हृदय रोगों का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

## अच्छी नींद लेना जरूरी

नींद की कमी या अनिद्रा जैसे समस्याएं संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली हो सकती हैं, इससे आपके दिल की सेहत पर भी नकारात्मक असर होने का जोखिम रहता है। दिल को स्वस्थ रखने वाली दिनचर्या में नींद एक अनिवार्य हिस्सा है। रोज रात में कम से कम 6-8 घंटे की नींद जरूर लें। गुणवत्तापूर्ण नींद को प्राथमिकता देकर न सिर्फ आप कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं से बचे रह सकते हैं साथ ही ये आपको कई अन्य बीमारियों से भी बचाती है।



## सुनें दिल की आवाज

हृदय की किसी भी समस्या को कभी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर की आवाज सुनें। अगर आपको सीने में दर्द, सांस फूलने की दिक्कत बनी रहती है तो ये हृदय की गंभीर समस्याओं की तरफ इशारा हो सकता है जिसपर समय रहते ध्यान देना औप उपचार प्राप्त करना जरूरी है। धड़कनों का बढ़ा रहना या अत्यधिक थकान महसूस होते रहना भी सेहत के लिए अच्छा नहीं है।




# आंखों की चमक बरकरार रखने उठाएं जरूरी कदम

आंखें ईश्वर का वरदान हैं, यही शरीर का वो हिस्सा हैं जो हमें दुनिया की खूबसूरती का एहसास कराती हैं। हालांकि समय के साथ लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इससे संबंधित जोखिम बढ़ते जा रहे हैं। मोबाइल-कंप्यूटर्स पर अधिक समय बिताना हो या फिर डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियां, इन सभी के कारण आंखों की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंधापन और कम दृष्टि के प्रमुख कारणों में मुख्य रूप से मोतियाबिंद, मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी बीमारियां हैं। आंखों से संबंधित बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों का ध्यान आकर्षित करने और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल अक्तूबर माह के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। इस बार का थीम है- अपनी आंखों से प्यार करें' है, कार्यस्थल पर आंखों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

## अच्छा आहार आंखों के लिए जरूरी

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ और पौष्टिक हो। थाली में कई रंगों वाली सब्जियों-फलों को दैनिक आहार का हिस्सा बनाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक और विटामिन-सी और ई जैसे पोषक तत्व मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद जैसी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, केल और कोलार्ड, फैटी फिश, अंडे, नट्स, बीन्स आदि आंखों की सेहत के लिए लाभकारी हैं।

## धूम्रपान से बिल्कुल दूरी



धूम्रपान सिर्फ फेफड़ों के लिए ही हानिकारक नहीं है, इससे आंखों की सेहत पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। अध्ययनों में धूम्रपान को मोतियाबिंद, ऑप्टिक तंत्रिका को क्षति पहुंचाने और मैक्यूलर डीजेनरेशन के खतरे को बढ़ाने वाला पाया गया है। धूम्रपान छोड़कर इस तरह के खतरे को कम किया जा सकता है। डॉक्टर कहते हैं, धूम्रपान छोड़ना आपके नियंत्रण में है जो आपकी दृष्टि को लंबे समय तक स्वस्थ बनाए रखने में मददगार हो सकता है।

## स्क्रीन टाइम को करें कम

स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने वाले लोगों में समय के साथ आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। मोबाइल-कंप्यूटर या टेलीविजन जैसे स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों के लिए बहुत हानिकारक हो सकती है। अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन इस तरह के जोखिमों को कम करने के लिए 20/20/20 नियम की सिफारिश करता है। इसमें हर 20 मिनट में कम से कम 20 फीट दूर किसी वस्तु को 20 सेकंड के लिए ध्यान से देखने की सलाह दी जाती है। पलकों को झपकाते रहना भी बहुत जरूरी है।

## नियमित रूप से कराएं आंखों की जांच

नियमित नेत्र परीक्षण की आवश्यकता होती है, यहां तक कि छोटे बच्चों को भी। यह आपकी आंखों में होने वाली किसी भी समस्या को पहचानने और समय रहते उसे ठीक करने के लिए जरूरी है।

# विशाल, आहना, दीक्षांत और समाया बने विजेता


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 शुक्रवार से शुरू हुई। पहले दिन यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक एवं बालिका एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के मुकाबले हुए।

पहले दिन की प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर नगर पालिका निगम के एम. आई. सी. सदस्य एवं अध्यक्ष पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग तथा छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चन्नावार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जीवन बीमा निगम से आर.डी.आई.ई.यू. के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा ने की तथा विशेष अतिथि कोटक महिंद्रा बैंक, पचपेढ़ी, रायपुर के शाखा प्रबंधक नितिन सेन, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला थे। मंच पर आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में 28 सितंबर को उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला करेंगे। 28 सितंबर को सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के मैच खेले जायेंगे।




## रोमांचक मुकाबलों के साक्षी बने दर्शक

प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गये वर्गों के फायनल मैच के परिणाम इस तरह से रहे। यूथ अंडर-19 बालक वर्ग में विजेता-विशाल डेकाटे (रायपुर), उपविजेता-रामजी कुमार (रायपुर) 4-1, यूथ अंडर-19 बालिका वर्ग में विजेता-आहना सिंह (रायपुर), उपविजेता-प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) 4–2,यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक वर्ग में विजेता-दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर), उपविजेता- कवीश काला (रायपुर) 3-0, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग में विजेता समाया पांडे (रायपुर ), उपविजेता-लावण्या पांडे (रायपुर) 3-0, यूथ अंडर-19, बालक वर्ग में सेमीफायनल-विशाल डेकाटे (रायपुर) ने अमन वर्मा (दुर्ग) को 3-0 तथा रामजी कुमार (रायपुर) ने अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-19 बालिका वर्ग में सेमीफायनल-प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) ने सुष्मिता सोम (बिलासपुर) को 3-2 तथा आहना सिंह (रायपुर) ने अदिति खूंटिया (बिलासपुर) को 3-1 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर -13 (कैडेट) बालक वर्ग में सेमीफायनल दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर) ने राजदीप गांगुली (बिलासपुर) को 3-0 तथा कवीश काला (रायपुर) ने समयक केशकर (बिलासपुर) को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'थंडरबोल्ट्स' में नए मिशन पर निकले सेबस्टियन स्टेन-फ्लोरेंस



मार्वल स्टूडियोज की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का दमदार ट्रेलर जारी हो चुका है, जिसमें सेबस्टियन स्टेन और फ्लोरेंस पुघ एक नए मिशन के लिए तैयार होते नजर आए। दर्शकों को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब फैंस के उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है। यह फिल्म एंटीहीरो के एक समूह के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक मिशन पर जाने के लिए एक अनोखी टीम बनाते हैं। इसमें सेबस्टियन स्टेन और फ्लोरेंस पुघ मुख्य भूमिकाओं में हैं। थंडरबोल्ट्स टीजर ट्रेलर की शुरुआत फ्लोरेंस पुघ की येलेना बेलोवा द्वारा अपने पिता डेविड हार्बर के एलेक्सी शोस्ताकोव (रेड गार्डियन) के दरवाजे पर दस्तक देने से होती है। इस दृश्य में एलेक्सी को अव्यवस्थित अवस्था में दिखाया गया है। येलेना स्वीकार करती है कि वह एक खालीपन महसूस कर रही है, जिसने उसे उसके खतरनाक काम में वापस खींच लिया है। वहां से ट्रेलर एंटी-हीरो की बड़ी दुनिया में बदल जाता है, जिसमें येलेना को एक जाल में चलते हुए देखा जाता है। थंडरबोल्ट्स टीम के अन्य सदस्यों के साथ वह एक मौत के जाल का सामना करती है, जिससे उन्हें किसी तरह बचना होगा। टेलर में 'थंडरबोल्ट्स' की टीम का परिचय दिया गया है। ट्रेलर में फ्लोरेंस पुघ कहती हैं, 'यहां हर किसी ने बुरे काम किए हैं। शैडो ऑपरेशन, सरकारी प्रयोगशालाओं को लूटना, कॉन्ट्रैक्ट किल्लिंग्स... कोई चाहता है कि हम चले जाएं।' टीम के सदस्य अपने-अपने अनुभव और क्षमताओं के साथ एक नया मिशन पूरा करने के लिए इकट्ठे होते हैं। इसके अलावा फिल्म में एक्शन, ड्रामा और कुछ मजेदार पलों की झलक भी देखने को मिलती है, जो इसे और भी दिलचस्प बनाती है।

### टॉलीवुड

## दो दशक बाद फिर पर्दे पर साथ दिखेंगे विक्रम-सूर्या, जल्द होगा खुलासा



विक्रम और सूर्या तमिल फिल्म इंडस्ट्री के दो बड़े नाम हैं। 21 साल बाद ये सितारे एक साथ फिर से बड़े पर्दे पर नजर आ सकते हैं। दरअसल, निर्देशक शंकर दोनों को अपने आगामी प्रोजेक्ट में लेने की योजना बना रहे हैं। कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके मशहूर दक्षिण भारतीय निर्देशक शंकर अपनी नई फिल्म को लेकर कमर कस रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एसयू वेंकटेशन के वेलपारी उपन्यास पर आधारित फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं। नवीनतम रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो शंकर इस ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे चियान विक्रम और सूर्या को फिल्म में लेने की योजना बना रहे हैं। इस खबर ने प्रशंसकों के बीच हलचल पैदा कर दी है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो शंकर के साथ विक्रम की यह तीसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों 'अन्नियन' और 'आई' जैसी यादगार फिल्में दे चुके हैं।दूसरी ओर, सूर्या की शंकर के साथ यह पहली फिल्म होगी। विक्रम और सूर्या लगभग 21 साल के बाद इस फिल्म के जरिए फिर से एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। इससे पहले वे पीथमगन में एक साथ अभिनय कर चुके हैं। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। फिलहाल, प्रशंसक दोनों अभिनेताओं की पुष्टि का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौजूदा समय में शंकर अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं। यह 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा शंकर पास इंडियन 3 भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अनुमान है कि वेलपारी पर बनने जा रही फिल्म पर आधिकारिक रूप से काम शुरू करने से पहले शंकर को अपने सभी बचे हुए प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए अतिरिक्त चार महीने की आवश्यकता होगी।

### भोजपुरी

## 'मईया अइली मोरे अंगना' छू लेगी दिलों को, जल्द आ रही बड़े परदे पर



वर्ल्डवाइड फिल्म प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित धार्मिक और सामाजिक फिल्म 'मईया अइली मोरे अंगना' का भक्तिमय ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म के निर्माता विनय सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशन की कमान संजय श्रीवास्तव ने संभाली है। फिल्म में मां लक्ष्मी की भूमिका मणि भट्टाचार्य निभा रही हैं, जो ट्रेलर में काफी प्रभावशाली नजर आ रही हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है।फिल्म को लेकर प्रस्तुतकर्ता प्रदीप सिंह ने कहा कि 'मईया अइली मोरे अंगना' एक ऐसी फिल्म है जो धर्म, आस्था और समाज के साथ गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। ये निश्चित रूप से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाएगी। यह फिल्म सिर्फ एक धार्मिक कहानी नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ जुड़ाव और आस्था का प्रतीक है। प्रदीप सिंह ने आगे कहा, 'इसमें मां लक्ष्मी की महिमा को दर्शाते हुए, हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक मूल्यों को भी प्रमुखता से रखा गया है। हम चाहते हैं कि दर्शक इस फिल्म को सिर्फ मनोरंजन के रूप में न देखें, बल्कि इसके द्वारा प्रस्तुत संदेश को भी आत्मसात करें। इस फिल्म को बनाने में पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है और हमें उम्मीद है कि यह दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाएगी।

## पेंटिंग फ्रेम का फैशन


पिछले दिनों फैशन शो के दौरान फ्रेमयुक्त पेंटिंग्स को पहनने योग्य कला में बदलने अनूठा प्रयोग किया गया। डच फैशन डिज़ाइनर विक्टर और रॉल्फ़ ने पेरिस में अपने सबसे हालिया शो के दौरान जटिल रूप से फ्रेमयुक्त पेंटिंग्स को अवांट-गार्डे गाउन में बदल दिया। इसे कला जगत में भरपूर तारीफ मिली।




लाइफ स्टाइल

## साटन ब्लाउज सिलवाते समय न करें ये गलतियां

साड़ी हो या लहंगा और या तो फिर शरारा आउटफिट। लगभग सभी के साथ आजकल ब्लाउज को स्टाइल किया जा रहा है। इनमें साटन के ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। देखने में साटन का फैब्रिक बेहद क्लासी लुक देने में मदद करता है। कई बारी हमें फैब्रिक की जानकारी कम होने के कारण ब्लाउज सिलवाते समय हम कई छोटी-बड़ी गलतियां कर देते हैं, जिसका असर हमें बाद में नजर आता है। अक्सर हमारे ब्लाउज की फिटिंग बार-बार करने से भी परफेक्ट लुक नहीं आ पाती है। दरअसल ब्लाउज को सही फिटिंग देने के लिए आपको सबसे पहले अपनी बॉडी टाइप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को समझना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप कोशिश करें कि ब्लाउज के अंदर कप्स का इस्तेमाल जरूर ही करें। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो कप्स के लिए पतले मटेरियल का इस्तेमाल करें। अक्सर हमारा साइज बढ़ता ओए घटता है, लेकिन अगर ब्लाउज के अंदर एक्स्ट्रा फैब्रिक यानी मार्जिन छोड़ा गया होगा तो आप आसानी से उसके साइज को एडजस्ट कर सकती हैं। इसके अलावा कई फैब्रिक पहली बारी धोने के बाद हल्के से बदल जाते हैं यानी की श्रिंक हो जाते हैं, जिसके कारण आपको इसे कैरी करने में परेशानी हो सकती है और इसी के कारण कपड़ा फट सकता है। इसके लिए आपको ब्लाउज बनवाते समय अंदर कम से कम 1 से 2 इंच का मार्जिन जरूर छोड़ना चाहिए।



## सूट पहनना है सीखना, तो जान लें नए दौर की स्टाइल



स्टाइल के मामले में बॉलीवुड-हॉलीवुड के कलाकार हमेशा कमाल ही नहीं, बल्कि धमाल भी करते रहते हैं। सूट उनके स्टाइल स्टेटमेंट का एक बड़ा हिस्सा होता है और उनके स्टाइलिंग आइडियाज की मदद से आपको जानना चाहिए कि स्टाइलिश ढंग से सूट कैसे पहनें।

### प्रिंट-ऑन-प्रिंट

प्रिंट-ऑन-प्रिंट लेयरिंग के साथ क्लासिक चेक एक जबरदस्त कांबिनेशन है। इसमें लाल और नीले रंग के सिंगल ब्रेस्टेड चेकर सूट के साथ उसी रंग की चेकर शर्ट का चुनाव अपने इस लुक के लिए किया गया है, जो आपकी पर्सनलिटी को निखारने में मदद करता है। लुक को पूरा करने और प्रिंट और कलर प्ले को ब्रेक करने के लिए सॉलिड टाई का विकल्प चुना जा सकता है।



### मोनोक्रोम

हाउंडस्टूथ सूट के साथ मोनोक्रोम लुक भी खूब जंचता हैं। इस लुक में फैब्रिक का टेक्सचर उभर कर सामने आता है। इसे वी-नेक की ग्रे और ब्लैक टी के ऊपर लेयर कर सकते है। कलर फैमिली को सेम रखने के लिए ब्लैक स्नीकर्स के साथ लुक को पूरा किया जा सकता है।

### ट्रेडिशनल रिवेम्पड

ब्लैक एंड व्हाइट सूट के साथ ट्रेडिशन लुक को एक कंटेमपरी अपडेट मिलता है। इस पावर-पैक आउटफिट के लिए ट्रिपल थ्रेट (प्रिंट-ऑन-प्रिंट-ऑन-प्रिंट) जबरदस्त है। गोल्ड-स्टडेड पेटेंट लेदर ब्रोग्स के साथ लुक को कंप्लीट किया जा सकता है, जो इस लुक में एक चमकदार फिनिशिंग टच जोड़ता है।

### क्लासिक पिनस्ट्रिप

'सफेद सूट' और एक टाइमलेस क्लासिक पिनस्ट्रिप के साथ यह सफेद पिनस्ट्रिप सूट अपने आप में जबरदस्त है। इस लुक के लिए डबल ब्रेस्टेड जैकेट को ब्लैक टी के ऊपर बटन किया जा सकता है, जो एक बार फिर आपके मोनोक्रोम लुक को शानदार बनाने का काम करता है। काले जूते और अच्छी तरह से घुंघराले बालों के साथ, फ्यूचर के लिए इस लुक को बुकमार्क कर लें।

## चेहरे पर हैं डार्क स्पॉट तो इन्हें कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

काफी कोशिश करने के बाद भी अगर आपके चेहरे पर होने वाले दाग धब्बे कम नहीं हो रहे हैं तो इसके लिए आप एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।इसके लिए जरूरत है आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई करने की। डॉ. आंचल जो की एक डर्मेटोलॉजिस्ट हैं उन्होंने अपनी इस वीडियो में बताया कि आप किस तरीके से डार्क स्पॉट को कम कर सकती हैं। आप भी इनकी ब्यूटी से जुड़ी वीडियो देखने के लिए सोशल मीडिया पर फॉलो कर सकती हैं।

### स्किन को करें मॉइश्चराइज

अगर आपको डार्क स्पॉट से छुटकारा पाना है तो इसके लिए आप मॉइश्चराइजर लगाएं। अगर आप इसका इस्तेमाल अपनी स्किन पर रोजाना करेंगी तो आपको डार्क स्पॉट की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके लिए आप चाहे तो घर पर रखी चीजों से भी स्किन को मॉइस्चराइज कर सकती हैं इसके लिए मलाई या फिर एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को कम करना है तो इसके लिए आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि जब भी हम (चेहरे के दाग धब्बों के लिए इस्तेमाल करें मुल्तानी मिट्टी) धूप में निकलते हैं तो स्किन के डार्क स्पॉट ज्यादा नजर आते हैं। ऐसे में धूप की वजह से ये परेशानी ज्यादा न हो इसके लिए आपको सनस्क्रीन का इस्तेमाल धूप में निकलने से पहले जरूर करना चाहिए। इससे स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को हील होने में मदद मिलती है।

## इन सिल्क साड़ी डिजाइन को वेडिंग फंक्शन में करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत

साड़ी का फैशन हमेशा एवरग्रीन रहता है। इसे त्योहारों में शादी में हर कोई पहनना पसंद करता है। कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं कि जो रोजाना में भी इन्हें वियर करती हैं। लेकिन शादी के लिए कुछ अलग हटके साड़ी खरीदती हैं। इनको खरीदने का मकसद होता है। इस खास दिन पर सबसे अलग दिखना। ऐसे में आप सिल्क साड़ी के अलग-अलग ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें हर एक तरह के डिजाइन और फैब्रिक में साड़ी मिल जाएगी। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि इन्हें स्टाइल करने से आपका लुक ही बदल जाएगा। आप एक रॉयल लुक में नजर आएंगी। इसलिए आप यहां बताए गए ऑप्शन वाली साड़ियों को इस शादी सीजन में स्टाइल कर सकती हैं।

### बनारसी सिल्क साड़ी

वेडिंग सीजन की शॉपिंग करने के लिए आप मार्केट जा रही हैं तो इसके लिए आपको बनारसी सिल्क साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आपको हैवी वर्क साड़ी भी मिलेगी। जिसमें आप बड़ी बूटियों वाले डिजाइन वाली साड़ी या फिर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी खरीद सकती हैं।



### पश्मीना सिल्क साड़ी


सिल्क साड़ी में कई सारे डिजाइन आजकल मिल जाते हैं। लेकिन अगर आप अपनी दोस्त की शादी के लिए साड़ी सर्च कर रही हैं तो इसके लिए पश्मिना वर्क वाली साड़ी (शादी के लिए साड़ी डिजाइन) खरीद सकती हैं। इसमें आपको पूरी साड़ी में हैंड वर्क मिलेगा। इसमें आप सिंगल शेड वाली साड़ी भी खरीद सकती हैं और डबल या फिर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी ले सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**हर कोई चाहता है भीड़ में अलग नजर आना, खुद पर दें ज्यादा ध्यान**

## त्यौहारों में ट्रेडिशनल लुक के लिए अपनाएं कुछ खास टिप्स, लोग खुलकर करेंगे तारीफ

*फेस्टिवल में अक्सर हम सभी लोग ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यही वो दिन होते हैं जब लड़कियां सूट और साड़ी स्टाइल करना सबसे ज्यादा पसंद करती हैं। जल्द ही दुर्गा पूजा आने वाली है। इस बार दुर्गा पूजा के लिए भी आप ट्रेडिशनल लुक क्रिएट कर सकती हैं और खूबसूरत लग सकती हैं। इसके लिए बस आपको यहां बताए गए इन 3 खास टिप्स को ट्राई कर सकती हैं।*




### ट्रेडिशनल आउटफिट करें वियर

दुर्गा पूजा पर ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करने के लिए आप ट्रेडिशनल आउटफिट वियर कर सकती हैं। इसके लिए आप कॉटन व्हाइट और रेड कलर साड़ी, हैवी वर्क सिल्क साड़ी, सूट, या फिर बंगाली फेमस आउटफिट को भी वियर कर सकती हैं। ये दिखने में जितने ट्रेडिशनल होते हैं। स्टाइल करने में भी सबसे अच्छे लगते हैं। आप भी इन्हें वियर कर सकती हैं और ट्रेडिशनल तरीके से रेडी हो सकती हैं। ट्रेडिशनल लुक के लिए आप बंगाली स्टाइल में भी साड़ी वियर कर सकती हैं।

### ट्रेडिशनल ज्वेलरी करें वियर

इस बार दुर्गा पूजा में आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। इसके लिए आपके कान की बालियां, हार, मांग टीका और हाथ फूल स्टाइल कर सकती हैं। ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ इस तरीके की एक्सेसरीज काफी अच्छी लगती हैं। आप भी इस बार इन्हें वियर करें। इससे आपको बेहद खूबसूरत नजर आएगी।

### मेकअप और हेयर स्टाइल



ट्रेडिशनल लुक को पूरा करने के लिए आप मेकअप और हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप बोल्ड आई मेकअप, न्यूड बेस और हेयर स्टाइल (साड़ी फैशन) में आप बन के साथ गजरा हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। लहंगा, साड़ी और सूट के साथ ये काफी अच्छे लगते हैं। इसके अलावा आप चाहे तो ब्रेड हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं। आप चाहे तो ट्रेडिशनल हेयर एक्सेसरीज को भी लगाकर लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इन टिप्स को ट्राई करें और दुर्गा पूजा के लिए ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करें। इसमें आप बेहद खूबसूरत नजर आएंगी। इसके अलावा आप चाहे तो बंगाली लुक को क्रिएट कर सकती हैं वो भी काफी अच्छा लगता है। इसमें आप सबसे ज्यादा व्हाइट और रेड कलर चूज किया जाता है।